उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-8 अंक-51)

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 22 जनवरी, 2024



सड़क दुर्घटना में रियल स्टेट कारोबारी के इकलौते पुत्र की मौत 5

सिनेमा को सदा ही भाया प्रेरक श्रीराम का कथानक 7

अयोध्या नगरः रामोत्सव -2024

# असम सीएम का पूरा परिवार भ्रष्ट, राहुल गांधी ने हेमंत विस्वा सरमा पर बोला हमला






नई दिल्ली। असम के मुज़्यमंत्री और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच जुबानी जंग तेज होती नजर आ रही है। रविवार को राहुल गांधी ने हेमंत विस्वा सरमा पर पलटवार करते हुए उनके पूरे परिवार को भ्रष्ट बताया है। बता दें कि हेमंत विस्वा सरमा ने कहा था कि कांग्रेस के नेता उनके बेटे से भी डरते हैं। दरअसल, राहुल गांधी इस समय कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं। इस दौरान असम में उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरा देश और असम जानता है कि आपके मुज़्यमंत्री और उनका पूरा परिवार सबसे भ्रष्ट है।

इससे पहले असम के मुज़्यमंत्री हेमंत विस्वा सरमा ने आज सुबह गुवाहाटी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राहुल गांधी पर निशाना साधा था। जिसके जवाब में उन्होंने पलटवार किया है। सरमा ने अपने बयान में कहा था कि, राहुल गांधी पहले तो मुझसे डरते थे, अब मेरे बच्चे से भी डरना शुरू कर दिए हैं।

बता दें कि बीते हफ़्ते असम के लखीमपुर में राहुल गांधी ने एक रैली को संबोधित करते हुए हेमंत विस्वा को देश का सबसे भ्रष्ट सीएम करार दिया था। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, राहुल ने कहा, ...हम कहते हैं कि असम को दिल्ली से नहीं चलाया जाएगा, इसे यहां से चलाया जाएगा। आपका (असम) सीएम देश का सबसे भ्रष्ट सीएम है। वह अन्य भाजपा मुज़्यमंत्रियों को भ्रष्टाचार करना सिखा सकते हैं।



## प्राण प्रतिष्ठा से पहले मोहन भागवत का बड़ा बयान, कहा 22 जनवरी को कड़वाहट खत्म कर राष्ट्र निर्माण में जुटे

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में 22 जनवरी को बेहद शानदार कार्यक्रम में राम मंदिर का उद्घाटन होने के साथ ही गर्भ ग्रह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इस प्राणों प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेने के लिए देश के अयोध्या पहुंचेंगे और इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनेंगे। प्राण प्रतिष्ठा होने से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत का बड़ा बयान सामने आया है। प्राण प्रतिष्ठा से पहले मोहन भागवत ने कड़वाहट मिटाने के साथ विवाद खत्म करने की अपील की है। मोहन भागवत ने एक लेख के जरिए हर तरह की कड़वाहट को खत्म करने का अनुरोध किया है। बता दें कि यह लेख प्राण प्रतिष्ठा के संदर्भ में लिखा गया है। इस लेख में उन्होंने लिखा है कि राम मंदिर को लेकर जो भी कड़वाहट पैदा हुई है वो खत्म होनी चाहिए। विवाद खत्म करने के लिए समाज के प्रबुद्ध लोगों को भी कदम उठाने होंगे। अयोध्या की नई पहचान ऐसी होनी चाहिए कि यहां युद्ध का जिक्र ना हो।मोहन भागवत ने लिखा कि भारत में वर्षों से कई आक्रमणकारी आते रहे, जिनसे लड़ने में भारत ने लगातार संघर्ष किया है। इन आक्रमणकारियों का उद्देश्य लूटपाट करना होता था। इस्लाम के नाम पर जितने भी आक्रमण हुए है वो देश में अलगाव लेकर आए है। विदेशी आक्रमणकारियों ने भारत के मंदिरों को भी ध्वस्त कर दिया था। आक्रमणकारियों ने ऐसा एक बार नहीं बल्कि कई बार किया क्योंकि उनका उद्देश्य भारतीय समाज को हतोत्साहित और कमजोर करना था। अयोध्या में प्रभु श्री राम के मंदिर को भी इसी मनोदशा के साथ विध्वंस किया गया था। विदेशी आक्रमणकारियों के उलट भारतीय शासकों ने कभी कहीं आक्रमण नहीं किया।

## प्राण प्रतिष्ठा से पहले मिली राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

अररिया। बिहार के अररिया जिले में पुलिस को फोन कर 22 जनवरी को राम मंदिर को उड़ाने की धमकी देने वाले 21 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अररिया के पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी इंतेखाब आलम को शनिवार की देर रात पलासी थानाक्षेत्र के बलुआ कलियागंज गांव में उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी ने 19 जनवरी को 112 नंबर (जिस नंबर पर नागरिक आपातकालीन सहायता मांगते हैं) पर डायल कर कहा था कि उसका नाम छोटा शकील है और वह दाऊद इब्राहिम का करीबी सहयोगी है। पुलिस अधीक्षक ने कहा, आरोपी ने फोन पर यह भी कहा था कि वह 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर को उड़ा देगा। उसका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, लेकिन मानसिक रूप से वह अस्थिर लगता है। सोमवार को अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा, इस कॉल के आने के बाद उसके बारे में साइबर सेल को सूचित किया गया। जिस मोबाइल नंबर से आरोपी ने कॉल किया था वह उसके पिता के नाम पर पंजीकृत पाया गया। उन्होंने कहा, मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पलासी थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। मोबाइल फोन भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।

## 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के खिलाफ छात्रों ने दायर की थी याचिका

### कोर्ट ने सख्त चेतवानी देते हुए की खारिज

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने अयोध्या में राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले के खिलाफ चार छात्रों द्वारा दायर जनहित याचिका रविवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की पीठ ने महाराष्ट्र और गुजरात के चार विधि छात्रों द्वारा दायर जनहित याचिका पर रविवार को विशेष सुनवाई की और कहा कि याचिका ''राजनीति से प्रेरित, महत्वहीन और झुंझलाहट पैदा करने वाली है। अदालत ने छात्रों को सलाह दी कि वे ''अपने समय का उपयोग बेहतर काम में करें।''पीठ ने कहा कि आम तौर पर अदालत ऐसी याचिका को खारिज करते समय याचिकाकर्ता पर कठोर जुर्माना लगाती है, लेकिन वह ऐसा करने से परहेज कर रही है क्योंकि ये याचिकाकर्ता युवा छात्र हैं और इसलिए आगाह किया जाना ही पर्याप्त होगा। महाराष्ट्र सरकार ने दलील दी कि छुट्टी घोषित करना सरकार के कार्यकारी नीतिगत निर्णय के अंतर्गत आता है और यह न्यायिक पड़ताल के दायरे में नहीं आना चाहिए। छात्रों ने अपनी याचिका में दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का निर्णय राजनीतिक उद्देश्यों के लिए सत्ता का दुरुपयोग है। शिवांगी अग्रवाल, सत्यजीत साल्वे, वेदांत अग्रवाल और खुशी बांगिया द्वारा दायर याचिका में अनुरोध किया गया था कि अदालत 22 जनवरी को छुट्टी घोषित करने वाले सरकारी आदेश को रद्द कर दे।पीठ ने कहा, ''याचिका में राजनीतिक निहितार्थ हैं और यह एक ऐसी याचिका प्रतीत होती है जो राजनीति से प्रेरित और प्रचार पाने के लिए है। याचिका की प्रकृति और खुली अदालत में दी गई दलीलों से ऐसा ही प्रतीत होता है।'' अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने एक अन्य मामले में पारित आदेश में उच्चतम न्यायालय के विवेक पर भी सवाल उठाया है और इसने हमारी न्यायिक चेतना को हिला दिया है।




## मुख्यमंत्री योगी बोले- किसी हालत में न बख्शे जाएं जबरन जमीन कब्जा करने वाले

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं. उनके खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा.मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे. मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं.इस दौरान करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी. सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है.कुछ लोगों ने भू माफिया द्वारा जमीन कब्जा करने की शिकायत की. इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भू माफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा. उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा.मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जबरन जमीन कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई करें. सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए.






## संपादकीय

### जेल में जंजाल

यह जेल अधिकारियों और अपराधियों की सांठगांठ की पराकाष्ठा ही है कि फिरोजपुर जेल के भीतर से 43 हजार फोन कॉल हुई और पांच हजार बैंक लेनदेन हुए। घटनाक्रम उजागर करता है कि जिन जेल अधिकारियों पर अपराधियों की सख्त निगरानी व समाज को भयमुक्त करने का जिम्मा है, वे अपराधियों से मिलीभगत करके व्यवस्था से विश्वासघात कर रहे हैं। जिस दायित्व के लिये सरकार उन्हें वेतन देती है, वे उससे छल ही कर रहे हैं। मानवीय मूल्यों के पतन की यह पराकाष्ठा ही है कि खाकी वर्दी में कुछ लोग निहित स्वार्थों व लालच के लिये समाज में तमाम लोगों के जीवन को संकट में डाल रहे हैं। उनकी इस संदिग्ध भूमिका से अपराधी अपने खतरनाक मंसूबों को जेल में रहते हुए भी अंजाम दे रहे हैं। यह संभव नहीं था कि बिना जेल अधिकारियों की मिलीभगत के अपराधी-तस्कर जेल के भीतर से अपराध का साम्राज्य चला सकें। यूं तो जेल-तंत्र में सडांध की खबरें पूरे देश से आती रहती हैं, लेकिन पंजाब में ऐसी खबरों की निरंतरता चिंताजनक है। अपराधी जेल के भीतर से निरंतर समानांतर शासन चला रहे हैं तो यह कानून के राज पर सवालिया निशान लगाता है। आखिर जेल के भीतर मोबाइल बिना जेलकर्मियों की मिलीभगत कैसे पहुंच रहे हैं? क्यों जेल के भीतर जैमर नहीं लगाए जाते ताकि अपराधी मोबाइलों का उपयोग न कर सकें? फिरोजपुर जेल के भीतर से 43 हजार फोन कॉल का होना, एक बड़े आपराधिक कृत्य को दर्शाता है। संभव है दुर्दांत अपराधियों के भय से कुछ जेल अधिकारी समर्पण करते हों। यदि ऐसा है तो उन्हें नैतिकता के आधार पर अपना पद छोड़ना चाहिए। आगे जांच से पता चलेगा कि बैंकिंग लेन-देन से किस-किस तक ड्रग मनी पहुंची और कौन इसका सूत्रधार था। निस्संदेह, इस आपराधिक कृत्य की व्यापक पैमाने पर जांच की जानी चाहिए। यह भी पड़ताल होनी चाहिए कि इन फोन कॉल में से कितनी परिजनों को की गई और कितनी अपराधियों को।निस्संदेह, यह भी पता लगाया जाना चाहिए कि क्या बैंक से लेन-देन जेल अधिकारियों को रिश्वत देने के लिये किया गया था? या यह धन नशीली दवाओं के भुगतान के लिये किया गया। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि देश की नामी जेलों में भी दुर्दांत अपराधियों को पांच सितारा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये जेल अधिकारियों व कर्मचारियों को मोटी रकम चुकाई जाती है। निस्संदेह, यह खतरनाक खेल समाज में मानवीय मूल्यों के पतन की गाथा भी बताता है। दरअसल, फिरोजपुर जेल में जेल अधिकारियों की मिलीभगत से अपराधियों की इन करतूतों का मामला तब प्रकाश में आया था, जब पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने एक जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए जेल में मोबाइल फोन के इस्तेमाल व नशीली दवाओं की तस्करी पर रिपोर्ट मांगी थी। कोर्ट ने पूछा था कि तीन तस्करों द्वारा अवैध रूप से इस्तेमाल किये गए फोन के जरिये जेल के अंदर से 43 हजार कॉल्स कैसे की गई। अदालत द्वारा इस मामले की जांच के आदेश दिये जाने के बाद पुलिस ने जेल विभाग के 11 अधिकारियों सहित 25 लोगों पर मामला दर्ज किया था।

# विरोध-प्रतिरोध से सांस्कृतिक विरासत तक

एक तरह से कांग्रेस के अधिकांश नेता भी यह मानते थे कि बाबरी मस्जिद मूल रूप से राम जन्म स्थान ही है।सबसे दिलचस्प प्रकरण अब शुरू हुआ है। वे राजनेता और बुद्धिजीवी तथा फ़िल्म व खेल सम्राट जो कल तक इसे भाजपा की हिंदू तुष्टीकरण नीति मान रहे थे और येन-केन-प्रकारेण विरोध कर रहे थे, भी अब प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को राष्ट्रीय उत्सव बता रहे हैं। यहां तक कि वे राजनीतिक दल भी जो राम को एक काल्पनिक पात्र मानते हैं और सनातन हिंदू समाज को नष्ट करने की बातें करते रहे हैं। वे समझ रहे हैं कि इस समय देश का लोक मानस राम मंदिर के साथ है। ऐसे में राममूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में न जाने से सारा क्रेडिट भाजपा को मिलेगा। फ़िल्म गीतकार ज़ावेद अख़्तर ने भी कहा है, कि हिंदू समाज बहुत उदार है और राम तो पूरे भारतीय समाज में मान्य हैं।




हरियाणा में कांग्रेस के क़द्दावर नेता और राज्यसभा सदस्य दीपेन्द्र हुड्डा सोमवार 15 जनवरी को अचानक अयोध्या पहुंच गए। वहां उन्होंने सरयू नदी में स्नान किया और रामलला के दर्शन किए। उनके साथ पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय और कांग्रेस की केंद्रीय कमेटी की तरफ़ से नियुक्त उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने भी सरयू स्नान कर रामलला के दर्शन किए। बाद में प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत भी वहां पहुंचीं। हुड्डा ने कहा, भगवान राम उनकी आस्था के प्रतीक हैं और वे प्रदर्शन नहीं करते। हालांकि उन्होंने सोशल मीडिया की साइट एक्स में अपनी स्नान की तस्वीर भी डाली। दीपेन्द्र हुड्डा के अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने से यह बात स्पष्ट हो गई है, कि भले कांग्रेस ने 22 जनवरी का आमंत्रण ठुकराया हो लेकिन पार्टी के भीतर भी कशमकश चल रही है। हिंदी प्रदेशों में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के उत्सव से लोगों में इस क़दर जोश उमड़ा है, कि उसकी अनदेखी किसी के वश की बात नहीं।22 जनवरी को अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा का समारोह आयोजित है। यह एक ऐतिहासिक क्षण होगा। क़रीब 500 वर्ष बाद मर्यादा पुरुषोत्तम और हिंदू लोकमानस के भगवान राम उस जगह पर पुनः बिराजेंगे, जहां उनका जन्म हुआ था। 1527 ईस्वी में अयोध्या में रामलला के जन्म स्थान मंदिर को तोड़कर बाबर के सेनापति मीर बकी ने मस्जिद का निर्माण कराया था। यह मंदिर उसने बाबर के कहने पर तोड़ा था, और इस आशय का एक पत्थर भी वहां लगवा दिया था, इस वजह से इसे बाबरी मस्जिद कहा जाता था। इसके बाद से लगातार इस स्थान पर मंदिर बनवाने के लिए राम भक्तों का आग्रह रहा। पिछले 500 वर्षों में अनगिनत साधु-संत और रामभक्त यहां मारे गए। किंतु राम भक्तों का यह संघर्ष कभी बंद नहीं हुआ।

इस मंदिर को मुक्त करवाने के लिए विश्व हिंदू परिषद का योगदान सिर्फ़ यह रहा, कि उसने इस संघर्ष को सांगठनिक रूप दिया। उसने छिटपुट संघर्ष करने वाले राम भक्तों के लिए मंच तैयार किया और भाजपा ने देशव्यापी बनाकर इसे राजनीतिक स्वरूप प्रदान किया। हालांकि, बीच-बीच में यह आंदोलन हिंसक भी हुआ, और राम भक्तों पर गोलियां भी चलीं। कई रामभक्त मारे भी गये। लेकिन सत्ता द्वारा गोलियां बरसाने के चलते आंदोलन और तीव्र हुआ। अंततः राम मंदिर कार सेवकों के ग़ुस्से के चलते 6 दिसंबर, 1992 को विवादित ढांचा ध्वस्त हो गया। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान सभी राजनीतिक दलों ने चुप्पी साधी।राम मंदिर पर सुप्रीम फ़ैसला आ जाने के बाद से यहां राम मंदिर निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई और अंततः 22 जनवरी को मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम तय हुआ है। इस दिन के लिए हज़ारों निमंत्रण पत्र बांटे गये हैं। निमंत्रण बांटने का ज़िम्मा राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने लिया। मंदिर के इस प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में राजनीतिक दलों के नेता तथा तमाम फ़िल्मी कलाकारों को न्योता देने से विवाद बढ़ा है। समारोह में वे तमाम लोग नहीं बुलाये गये जो राम मंदिर आंदोलन में जेल गये और बलिदान हुए। हालांकि जब पूरा देश राममय हो उठा हो तो वे सारे लोग मुंह से राम-राम जपने लगे हैं, जो कल तक राम मंदिर आंदोलन को कार सेवकों का उन्माद बता रहे थे।

बहुत सारे साधु-संत भी इस प्राण-प्रतिष्ठा का विरोध कर रहे हैं। इसका कारण एक तो उनको इसमें अपनी उपेक्षा प्रतीत हो रही है, दूसरे वे इस प्राण-प्रतिष्ठा की पद्धति से नाखुश हैं। राम मंदिर के लिए राजनीतिक आंदोलन शुरू करने वाले लालकृष्ण आडवाणी और उसकी ध्वजा थामने वाले मुरली मनोहर जोशी को निमंत्रण तो ट्रस्ट की तरफ़ से गया है। लेकिन उन्हें सलाह भी दी गई है, कि ठंड की वज़ह से ये नेता न पधारें। ऐसे कई कारण हैं, जिनसे विवाद पैदा हो गया है। हर नेता और हर साधु के अपने-अपने 'ईगो' हैं। लेकिन हर एक को इंतज़ार था, कि कांग्रेस इस पर क्या प्रतिक्रिया देती है? क्या सोनिया गांधी इस समारोह में आएंगी अथवा नहीं। यह जानी-मानी बात है, कि अयोध्या में राम मंदिर का ताला खुलवाने की पहल तत्काल प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने की थी। लेकिन जब कांग्रेस को न्योता देने विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष गए, तब न्योता तो स्वीकार कर लिया गया परंतु जयराम रमेश ने कहा है, कि कांग्रेस इस मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में नहीं जाएगी, तब से कांग्रेस में बेचैनी भी खूब पनपी है।

7-8 अप्रैल, 1984 को दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में संतों ने एक धर्म संसद आयोजित की। इस धर्म संसद में प्रमुख वक्ता डॉ. कर्ण सिंह थे, जो कांग्रेस के प्रमुख नेता थे और उस समय केंद्र में इंदिरा गांधी की सरकार थी। एक फ़रवरी, 1986 को बाबरी मस्जिद में क़ैद रामलला मंदिर का ताला खुला, यह बहुत बड़ी घटना थी। उस समय केंद्र में राजीव गांधी की और उत्तर प्रदेश में वीर बहादुर सिंह की सरकार थी। सबने इस पर मौन साधा। क्योंकि यह हर एक को पता था, कि यह पहल प्रधानमंत्री राजीव गांधी के इशारे पर हुई थी। फ़ैज़ाबाद के ज़िला जज केएम पांडेय ने ताला खोलने का आदेश दिया था। मालूम हो कि यह ताला वहां 1949 से लगा था। यही नहीं, अयोध्या में राम मंदिर जन्म स्थान पर शिलान्यास 9 नवंबर, 1989 को उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी और प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सहमति से किया गया था।

इसके बाद से राम मंदिर आंदोलन पूर्णतया राजनीतिक हो गया और हर राजनीतिक पार्टी इसमें अपने-अपने फ़ायदे ढूंढ़ने लगी। 25 सितंबर, 1990 को भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी ने सोमनाथ से अयोध्या के लिए रथयात्रा शुरू की थी। इसे 23 अक्तूबर को बिहार के मुख्यमंत्री लालू यादव के आदेश पर समस्तीपुर में रोक लिया गया और लालकृष्ण आडवाणी को गिरफ़्तार कर लिया। भाजपा ने केंद्र की विश्वनाथ प्रताप सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया। सरकार अल्पमत में आ गई।उस समय उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव की सरकार थी। 30 अक्तूबर से 2 नवंबर, 1990 के बीच कारसेवकों की तोड़-फोड़ रोकने के लिए पुलिस बल का प्रयोग हुआ। इसमें 40 कार सेवक मारे गए। इससे आंदोलन ने और तीव्र रूप ले लिया तथा पूरे देश में तीखी प्रतिक्रिया हुई। इसका भाजपा को लाभ मिला और 1991 के चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बन गई। कल्याण सिंह मुख्यमंत्री बने। उन्हीं के कार्यकाल में 6 दिसंबर, 1992 को विवादित ढांचे को उग्र भीड़ ने ध्वस्त कर दिया। केंद्र की नरसिंह राव सरकार भी बस देखती रही।

# हम राम को ना भूले, राम हमकों नहीं भूलेंगे

आपको यदि प्रभु श्रीराम का बनना हो तो श्रीराम के लिए राम जैसा भाव रखना पड़ेगा तभी राम आपको नहीं भूलेंगे वरना तो आज कई संत राम मंदिर तक को लेकर विवादों में है।पिछले दिनों साध्वी ऋतम्भरा का एक इंटरव्यू सुन रहा था। बता रही थीं कि कितने ही वैरागी सन्तों जिन्होंने संसारिकता सदैव के लिए त्याग दी थी, वे भी वापस लौट कर 1992 में मुक्ति आंदोलन से जुड़ गए। पाँच सौ वर्ष पुराने घाव के उपचार के लिए, प्रभु श्रीराम का मंदिर बनते देखने के लिए लोगो ने प्रतीक्षा की है । आज उनमें से अधिकांश अब नहीं होंगे। यह शुभदिन देखना उनके भाग्य में नहीं था। अयोध्या में वर्ष 2003 में ज़ब खुदाई चल रही थी तब अखबार के पहले पन्ने पर उसी से जुड़ी खबरें छपी । एकाएक तब समझ आया कि मंदिर का विवाद का विवाद क्या है और अखबारों की बिक्री क्यों बढ़ गयी वहां । तब एक एक अखबार को पच्चीस पचास लोग पढ़ते थे। कोई एक पढ़ता तो कई कई लोग तन्मयता से सुनते। मन्दिर से जुड़े कुछ साक्ष्य मिलने की खबर आती तो अनायास ही अनेक मुखों से निकलता- अब मन्दिर बन जाई! बूढ़े लोगों की धुंधली हो चुकी आंखों में एकाएक उभर आने वाली चमक दैवीय थी। मेरे आस पड़ोस के वैसे असंख्य बुजुर्ग मन्दिर बनने की आस लिए कब के धराधाम छोड़ चुके थे। कलकत्ता वाले दो देवात्मा कोठारी बन्धु! क्या अद्भुत कलेजा रहा होगा उस माँ का, जिसने इस महायज्ञ में अपने दोनों बेटों की आहुति दे दी। दोनों ने उस आयु में बलि दी, जब सांसारिक सुखों की चाह सर्वाधिक होती है। मृत्यु बांटती बंदूकों के सामने खड़े उन युवकों के हृदय में एक और केवल एक ही इच्छा रही होगी, रामजी का मंदिर बन जाय बस! उस आंदोलन से जुड़े लाखों योद्धाओं में से जाने कितनों ने अयोध्या में अपनी बलि दी। जो बच गए, उनमें से अनेकों उस आंदोलन के बाद मन्दिर बनने की प्रतीक्षा करते करते निकल गए।



**अयोध्या में वर्ष 2003 में ज़ब खुदाई चल रही थी तब अखबार के पहले पन्ने पर उसी से जुड़ी खबरें छपी । एकाएक तब समझ आया कि मंदिर का विवाद का विवाद ज़्या है और अखबारों की बिक्री ज़्यों बढ़ गयी वहां । तब एक एक अखबार को पच्चीस पचास लोग पढ़ते थे। कोई एक पढ़ता तो कई कई लोग तन्मयता से सुनते। मन्दिर से जुड़े कुछ साक्ष्य मिलने की खबर आती तो अनायास ही अनेक मुखों से निकलता- अब मन्दिर बन जाई! बूढ़े लोगों की धुंधली हो चुकी आंखों में एकाएक उभर आने वाली चमक दैवीय थी। मेरे आस पड़ोस के वैसे असंज़्य बुजुर्ग मन्दिर बनने की आस लिए कब के धराधाम छोड़ चुके थे।**

**पंकज कुमार मिश्रा, मिडिया विश्लेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी**


अब सबकी अभिलाषा कि अयोध्या का वैभव सीधे वहीं जाकर लौटते देखें, अयोध्या में रामजी को लौटते देखें, मन में ही रह गयी और जीवन पूर्ण हो गया । महन्थ दिग्विजयनाथजी, महन्थ अवैद्यनाथजी, अशोक सिंघलजी, कल्याण सिंहजी, विष्णु हरि डालमियाजी असंख्य लोग जिन्होंने अपना समूचा जीवन राम मंदिर को दे दिया, पर यह शुभ दिन देखने से पहले ही संसार छोड़ गए । एक बड़ा प्रसिद्ध नारा था, 卐सौगंध राम की खाते हैं हम, मन्दिर वहीं बनाएंगे !卐 जलालाबाद के एक मंच से यह गर्जना करने वाले कवि विष्णु गुप्त भी चले गए। आंखों में बस वही आस! मन्दिर मन्दिर मन्दिर रामजन्मभूमि के लिए केवल 1992 में ही आंदोलन नहीं हुआ था, अयोध्याजी के दुर्भाग्य की इन पाँच शताब्दियों में हिन्दू जाति कभी चुप नहीं बैठी। हर पीढ़ी लड़ी है। हर पीढ़ी के बीरों ने अपनी आहुति दी है। उन्हें सफलता भले न मिली, पर उनका समर्पण कहीं से भी कम नहीं था। वीरों की प्रतिष्ठा सफलता-असफलता पर निर्भर नहीं करती, प्रतिष्ठा उनके समर्पण, उनके शौर्य से तय होती है। हर पीढ़ी बस इसी स्वप्न को पूरा करने के लिए लड़ी कि वहाँ रामजी का मंदिर बन जाय। सबने केवल और केवल राम की बाट अगोरी थी। बस उनके भाग्य में वह दिन देखना नहीं बदा था। स्वर्ग में बैठे उन पूज्य पितरों का स्वप्न पूरा हो रहा है। जो दिन देखने की चाह लिए पच्चीस पीढियां गुजर गयीं, वह अब आया है। अयोध्या के दिन अब फिरे हैं, रामजी अब लौटे हैं। बाइस जनवरी को जब आप दीपावली मनाएं तो एक दीप उन समस्त वीरों की याद में जलाइए जिनकी तपस्या, जिनके बलिदान के कारण यह शुभ दिन आया है। उन लाखों करोड़ों पुण्यात्माओं की स्मृति में, जो यह शुभदिन देखने के लिए तरसते रह गए। यह सचमुच पुण्य होगा। अब जो लोग यह पूछ रहें कि मंदिर से क्या होता है? मंदिर बनाने से ये होता है उनके लिए यह कि सिर्फ नौकरी ही रोजगार नहीं होती,कारोबार भी रोजगार होता है। काशी विश्वनाथ मंदिर बनने के बाद बनारस में पर्यटकों की तादाद कई गुणा बढ़ गई । पर्यटक जाएंगे तो रहेंगे, खाएंगे, घूमेंगे और थोड़ी बहुत खरीदारी भी करेंगे,यानी होटल, ढाबों, ऑटो और टैक्सी तथा दुकानदारों का बिजनेस बढ़ा । मतलब आय बढ़ी अब अयोध्या में भी ऐसा ही होने लगा है । ये सीधा फायदा है। इसके अलावा ट्रेन, एयरलाइंस, लग्जरी बस ऑपरेटर सबकी आय बढ़ी,टैक्स से सरकार की भी इनकम बढ़ेगी । इसलिए अगर सरकार आज प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी के लिए कुछ पैसे खर्च कर रही है तो शांति बनाए रखें। हिंदू मंदिरों को सरकार जितना देती है, उससे कई गुणा ज्यादा कमाती है। तिरुपति बालाजी, साई बाबा, सिद्धिविनायक से लेकर केदारनाथ तक। सिर्फ हिंदू ही हैं।

## रेडियो सिटी ने शुरू किया प्लास्टिक मुक्त अयोध्या कैम्पेन, दुकानदारों को बांटे जाएंगें इको फ्रेंडली थैले

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । भारत के हृदय स्थल में, जहाँ इतिहास आध्यात्मिकता से जुड़ा हुआ है, रेडियो सिटी लेकर आया है एक 15-दिवसीय कैम्पेन सिटी चले अयोध्या धाम, जो न केवल अयोध्या की समृद्ध संस्कृति का जश्न मनाता है, बल्कि प्लास्टिक मुक्त अयोध्या पहल के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार होने का भी संदेश देता है। रेडियो सिटी ने अयोध्या के दुकानदारों को कई इको फ्रेंडली थैले बांटने और उनमें प्लास्टिक के सस्टेनेबल विकल्पों को चुनने के लिए जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया है। यह कैम्पेन अयोध्या विकास प्राधिकरण के अयोध्या को विश्व स्तरीय और सस्टेनेबल शहर बनाने के लक्ष्य के अनुरूप है। इसका उद्देश्य प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना भी है। रेडियो सिटी के %सिटी चले अयोध्या धाम% अभियान के तहत, अयोध्या में एक मोबाइल वैन शुरू की गई है जो प्रमुख स्थानों पर जा रही है। आरजे और इन्फ्लुएंर्स अनसुनी कहानियाँ सुनाएंगे, ऐतिहासिक क्षणों को साझा करेंगे और शहर के हो रहे विकास की जानकारी देंगें, यह सब अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) के सहयोग से होगा। यह ऑन-ग्राउंड एक्टिविटी 17 जनवरी से शुरू हुई है और इसका उद्देश्य अयोध्या की वाइब्रेंट एनर्जी में योगदान देकर सांस्कृतिक अनुभव को डिजिटल रूप से बढ़ाना है। रेडियो सिटी के सीईओ आशित कुकियन ने अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए कहा, पूरे भारत के 39 शहरों में मौजूद रेडियो सिटी अयोध्या के खास अंदाज और संस्कृति को पूरे देश के श्रोताओं तक पहुंचाने के लिए सबसे बेहतरीन माध्यम है। अयोध्या के बेहतरीन माहौल को अपने श्रोताओं तक पहुंचाने के साथ ही रेडियो सिटी प्लास्टिक मुक्त अयोध्या के जरिए सस्टेनेबल और इको फ्रेंडली समाधान अपनाने के लिए जागरूकता भी फैला रहा है।

# देश दुनियां के सभी मंदिर और घर 22 जनवरी 2024 को दीपोत्सव से सरोबार होंगे



गोंदिया- वैश्विक स्तरपर आध्यात्मिकता की गहराइयों तक सराबोर श्रद्धालुओं की सबसे अधिक संख्या वाला देश भारत, 22 जनवरी 2024 की तैयारीयों में इस तरह मशगूल है मानो हर नागरिक प्रभु श्रीराम के प्रति उनकी स्वयं की स्वागत करने की जवाबदारी है, ऐसा है मेरा भारत देश जिसका करीब करीब हर नागरिक किसी न किसी धर्म जाति आस्था में विश्वास रखता है, परंतु 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा पर भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में बसे मूल भारतीयों द्वारा भी अपने अपने नजदीकी के मंदिर में जाकर प्रभु श्रीराम के दर्शन करने की अभिलाषा रखते है उल्लेखनीय है कि अमेरिका के 10 से अधिक राज्यों में प्रभु श्रीराम के बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगे हैं, तो वहीं मॉरीशस ने मंदिर दर्शन की छुट्टी की घोषणा कर दी है। यह इसलिए के कुछ दिन पहले माननीय पीएम ने 22 जनवरी 2024 को देश-विदेश के सभी मंदिरों मैं साफ सफाई कर दीपोत्सव से जगमगा दें, तथा घरों में भी चारों तरफ दिए जलाकर दीपोत्सव का माहौल बनाएं, जिसे सभी ने हाथों-हाथ लेकर पूर्ण करने की ठान ली है। मंदिरों के व्यवस्थापकों द्वारा अपने आसपास के क्षेत्र में ढोल नगाड़ों के साथ केसरी दुपट्टा टोपी पहनकर श्रद्धालुओं नागरिकों को 22 जनवरी 2024 को मंदिर आने का निमंत्रण और घरों में दिए जलाने का निवेदन किया है।दिनांक 13 जनवरी 2024 को हमारी धर्म नगरी गोंदिया में भी ढोल नगाड़ों के साथ श्याम बाबा मंदिर व्यवस्थापकों और जिला व्यापारी फेडरेशन द्वारा दुपट्टा टोपी पहने जनता औरश्रद्धालुओं को मंदिर आने का निमंत्रण दिया, हमारे ऑफिस घर में भी आकर विनम्रता से आमंत्रित किया।सबसे बड़ी बात यह है कि मंदिर व्यवस्थापक कार्यकर्ता सेवादार किसी पार्टीके नहीं थे और ना ही किसी पार्टी का झंडा लिए हुए थे बस प्रभु श्री राम जी के भक्त लग रहे थे। किसी भी प्रकार का नारा या पार्टी बाजी नहीं थी।मेरामानना है कि यह माहौल करीब हर शहर गांव में दिख रहा होगा। चूंकि देश-विदेश के सभी मंदिर और घर 22 जनवरी 2024 को दीपोत्सव से सराबोर होंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्रभु श्री रामोंत्सव, देश दुनियां में दीपोत्सव।साथियों बात अगर हम प्रभु श्रीराम प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव 22 जनवरी 2024 की करें तो,यूपी के अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होने जा रहा है। इस खास दिन का पूरे देश के लोगों को बेसब्री से इंतजार है। भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लोग बेहद उत्साहित हैं। वर्षों से इस दिन का इंतजार कर रहे हिंदू धर्म के लोग इसे अपने अपने तरीके से इसे खास बनाना चाहते हैं।अयोध्या में इन दिनों 22 जनवरी को लेकर जोर शोर से तैयारियां चल रही है। सड़कों से लेकर एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन हर जगह को बेहद खूबसूरती के साथ सजाया जा रहा है। सड़कों की साफ सफाई कर वहां पेड़ पौधे लगाए जा रहे हैं। इस ऐतिहासिक दिन पर कई राज्यों ने सार्वजनिक अवकाश घोषित भी घोषित कर रही है। धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत 15 जनवरी से होगी। राम मंदिर उद्घाटन के महोत्सव में देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लोगों को जोड़ने की योजना है।500 साल के इंतजार के बाद राम लला अपने महल में विराजित होंगे, ऐसे में इस तारीख को सुनहरे अक्षरों में याद किया जाएगा। यही वजह है कि श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए देश-विशेद के 5 लाख मंदिरों में लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा।राम मंदिर उद्घाटन के लिए पूरी अयोध्या नगरी ही नहीं देश-विदेश में भी धार्मिक स्थलों पर तैयारी चल रही है।22 जनवरी को अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 5 लाख मंदिरों में एलईडी के माध्यम से सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा, ताकि बच्चे से लेकर बुजुर्गों तक इस ऐतिहासिक पल को साक्षी बन सकें। भारत ही नहीं बल्कि अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, मॉरीशस, आयरलैंड, फिजी, इंडोनेशिया और जर्मनी देशों के मंदिरों और अन्य स्थल पर बड़े पैमाने पर रामलला का कार्यक्रमों का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। न्यूयॉर्क शहर में प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर श्रीराम मंदिर का उद्घाटन दिखेगा। लेकिन साल 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं। आमतौर पर चुनावी साल में अंतरिम बजट पेश किया जाता है और चुनाव के बाद जब नई सरकार बनती है, वो पूर्ण बजट पेश करती है।लेकिन इस बार अंतरिम बजट की बजाय वोट ऑन अकाउंट बजट की चर्चा हो रही है क?योंकि वित?त मंत्री ने ये साफ कर दिया है कि इस बार का बजट वोट-ऑन-अकाउंट बजट होगा, जिसमें बहुत बड़े ऐलान नहीं होंगे। पूर्ण बजट नई सरकार बनने के बाद पेश किया जाएगा।अंतरिम बजट और वोट ऑन अकाउंट दोनों ही कुछ ही महीनों के लिए होते हैं लेकिन दोनों के पेश करने के तरीकों में तकनीकी अंतर होता है।वोट-ऑन-अकाउंट को हिंदी में लेखानुदान कहा जाता है।इसका प्रावधान संविधान के आर्टिकल 116 में शामिल है। जब केंद्र सरकार पूरे साल की बजाय कुछ ही महीनों के लिए संसद से जरूरी खर्च के लिए मंजूरी लेनी होती है, तो वह वोट ऑन अकाउंट पेश करती है। इसमें सरकार को अपने जरूरी खर्चों के लिए कंसॉलिडिटेड फंड के इस्तेमाल की इजाजत मिलती है। अंतरिम बजट में केंद्र सरकार खर्च के अलावा आमदनी को लेकर भी ब्यौरा पेश करती है।इसमें खर्च, रेवेन?यू, राजकोषीय घाटा, फाइनेंशियल परफार्मेंस और आने वाले महीनों के लिए अनुमान शामिल होते हैं.

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

**फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com**

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - सम्पादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल ( पोर्टल ) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**सम्पर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में सिंधी समुदाय ने भव्य शोभा यात्रा निकाली





**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा स्थापना के लिए कानपुर के संपूर्ण सिन्धी समाज ने श्यामलाल मूलचंदानी के नेतृत्व में एक विशाल वाहन रैली प्रेम प्रकाश आश्रम कौशलपुरी से निकाली रैली को संत भोला राम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया कानपुर की सभी पूज्य पंचायतों व सभी झूले लाल मंदिरों से रैली गुजरी सभी संस्था वा पंचायतों ने स्वागत किया राम दरबार वा झूले लाल की शोभा यात्रा में लोगो ने प्रसाद व पुष्प चढ़ाएं वा मत्था टेक प्रभु के प्रसाद के साथ आशीर्वाद लिया। शाम 4 बजे तक रैली अमर शहीद हेमू कालाणी पार्क शास्त्री नगर पहुंची वहां सभी भक्तो ने अमर शहीद हेमू कालाणी के 77 वे शहीद दिवस पर उनकी मूर्ति पर सभी ने माल्यार्पण श्रद्धांजलि दी तत्पश्चात हनुमान चालीसा का पाठ के बाद सभी भक्तो ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया।मुख्य रूप से भाग लेने वाले। भोला राम साई, हरी दास साई, श्याम लाल मूल चंदानी,मनोज आडवाणी, अशोक पाहुजा, ओम बदलनी, घनश्याम छाबड़ा, अमित खत्री, चंद्र खिलवानी, इंद्र टोनी,मनोज मखीजा,अशोक मखीजा,धर्म पाल इसरानी, बेबू,धनराज हसीजा, बब्बी मुलानी, राजकुमार मोटवानी,बलराम सुरेश मोहन जतिन कटारिया।

## दिव्यांगों ने निकाला राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के समर्थन में रैली



कानपुर। विकलांग एसोसिएशन के तत्वावधान में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के समर्थन में दिव्यांगजनो ने शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क से रैली निकाली रैली को गोविन्द नगर क्षेत्र के विधायक सुरेन्द मैथानी ने झण्डी दिखाकर रवाना किया। 22 जनवरी को सुन्दर काण्ड का आयोजन किया जायेगा। आज की प्राण प्रतिष्ठा रैली में वीरेन्द्र कुमार, अल्पना कुमारी राहुल कुमार, वैभव दीक्षित, जितेन्द्र गुप्ता, दिनेश यादव, गोमती, अनुराधा गुप्ता आदि शामिल थे।



## गौरवशाली इतिहास के क्षण को त्योहार की तरह मनाये: डब्लूडब्लूएफ रेसलर द ग्रेट खली


**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। श्री रामलला विराजमान महोत्सव का रंग यू तो पूरे देश में है लेकिन अभी भी कुछ पार्टियों ने न समझ नेता और लोग जहां अपने बेतुके बयानो को देने से बाज नही आ रहे है तो अभी भी उनकी मंशा राम लला के कार्यक्रम में किसी न किसी प्रकार से विध्न डालने की है, लेकिन देश की जनता पूरी तरह राममय हो चुकी है और ऐसे किसी भी बेतुके बयान को सिरे से नकारने का काम कर रही है। इन्ही सब के बीच कानपुर पहुंची डज़्लूडज़्लूएफ के विश्व प्रसिद्ध द ग्रेट खली ने सभी लोगें को आयोध्या में होने वाले इस भव्य महोत्सव में जाने की अपील की है। द ग्रेट खली ने लोगों से कहा कि मैं 22 जनवरी को आयोध्या तो नही जा पा रहा हूं लेकिन बाद में अवश्य जाऊंगा और मेरी सभी से यही विनती है कि वह आयोध्या जरूर जाये। किसी कारण वर्ष यदि लोग अभी अयोध्या नही जा पा रहे है तो वह बाद में जाये। उन्होने कहा कि यह भारत का गौरवशाली इतिहास का क्षण है और इसे भव्य पर्व के रूप में सभी लोग मनायें।

## पीएचडी अध्ययन हेतु गत 3 वर्षों से लगातार छात्र छात्राओं की संख्या में हो रही वृद्धि

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । सीएसए के कुल सचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय ने बताया कि वि.वि.में संचालित पी एचडी कृषि, उद्यान एवं गृह विज्ञान पाठ्यक्रमों में विगत 3 वर्षों से उत्तरोत्तर वृद्धि के साथ छात्र छात्राएं प्रवेशित हो रहे हैं। डॉ उपाध्याय ने बताया कि विश्वविद्यालय में दो प्रकार से प्रवेश लिए जाते हैं जिसमें प्रथम राज्य स्तरीय उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा (यूपी कैटेट) एवं द्वितीय भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) नई दिल्ली द्वारा आयोजित ऑल इंडिया कॉम्पिटेटिव एग्जामिनेशंस (जूनियर रिसर्च फैलोशिप,सीनियर रिसर्च फैलोशिप डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) है। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2021-22 में कुल 78, तथा शैक्षणिक सत्र 2022-23 में 90 एवं शैक्षणिक सत्र 2023-24 में 96 छात्र छात्राओं ने विश्वविद्यालय की गुणवत्ता के आधार पर पी एचडी पाठ्यक्रमो में प्रवेश लिया है। इस प्रकार शैक्षणिक सत्र 2021-22 की तुलना में 2023द्दु 24 में कानपुर कृषि विश्वविद्यालय के पी एचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश की स्थिति में लगभग 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जो विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था एवं प्रवेशित छात्राओं को अनुमन्य मूलभूत आवश्यकताओं की ससमय पूर्ति को परिलक्षित करता है।



# पुलिस ने नाबालिग की गला रेत कर हत्या करने वाले मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

**समाज का साथी**

कानपुर। पुलिस आयुक्त कमिश्नरट कानपुर नगर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) व अपर पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) के निर्देशन में व सहायक पुलिस आयुक्त घाटमपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर के निकट पर्यवेक्षण में एवं थाना प्रभारी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना स्वर्ण जयंती विहार सड़क सरेराह से मु0अ0सं0 05/2024 धारा 363/302/201/34/ 120-ब भादवि व 4/25 आर्म्स एक्ट में बांछित अभियुक्त अमित राजपूत उर्फ पंचू राजपूत पुत्र स्व0 राधेलाल निवासी म0न0 43 ग्राम गणेशपुर थाना चकेरी कानपुर नगर उम्र करीब 32 वर्ष को मय घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल अपाचे के साथ गिरफ्तार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त दूसरी मोटरसाइकिल स्पलेण्डर को अभियुक्त पंचू राजपूत की निशांदेही पर उसके घर से बरामद किया मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित गुमशुदा वरुण गुप्ता पुत्र मनोज गुप्ता निवासी कृष्णा पैलेस के पीछे स्वर्ण जयंती विहार थाना सेन पश्चिम पारा कानपुर नगर उम्र 12 वर्ष के गुण होने पर गुमशुदा की मां श्रीमती ममता की तहरीरी सूचना पर मु0अ0सं0 05.2024 धारा 363 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित गुमशुदा वरुण गुप्ता का 10 जनवरी को सनिगवां बम्बा में शव मिलने पर मामले की गहनता से विवेचना करने पर पाया गया कि गुमशुदा वरुण गुप्ता का आपराधिक षड्यंत्र के तहत योजनाबद्ध तरीके से अभियुक्त अमित राजपूत उर्फ पंचू व उसकी पत्नी गुड़िया राजपूत व उसके साले अनूप राजपूत व बाल अपचारी कल्लू राजपूत व शिवा राजपूत ने आपस में मिलकर वरुण गुप्ता की हत्या करके शव छिपाने के लिये बम्मा में फेंक देने की घटना कारित की गयी है। मुकदमा उपरोक्त की विवेचना थाना सेन पश्चिम पारा से सम्पादित की जा रही है। बाल अपचारी कल्लू राजपूत व शिवा राजपूत को 14 जनवरी को गिरफ्तार कर बाल सम्प्रेक्षण गृह नौबस्ता कानपुर नगर भेजा जा चुका है तथा अभियुक्त अमित राजपूत उर्फ पंचू राजपूत उपरोक्त को वास्ते रिमाण्ड न्यायालय पेश किया जा रहा है तथा मामले में बांछित चल रहे अनूप राजपूत व गुड़िया राजपूत की तलाश पतारसी सुरागरसी जारी है।



# -प्रवर्तन अधिकारी ने चालको को कोहरे में धीरे वाहन चलाने के दिए निर्देश

कानपुर। परिवहन आयुक्त के निर्देश के क्रम में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजित किया जा रहा है जिसके क्रम में सहायक संभागीय अधिकारी प्रवर्तन राजेश राजपूत द्वारा शीतकालीन माह में होने वाली दुर्घटनाओ के बारे में जागरूक किया। गये हैं। एवं कोहरे में वाहन को लो-बिम पर लाइट जलाकर वाहन धीरे धीरे चलाने हेतु चालकों निर्देश को दिया गया। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत लगभग 165 चालको को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित दुर्घटनाओं से बचाव के लिए पत्रक देकर उन्हें दुर्घटना न होने के सम्बन्ध में बताया गया।



# आगजनी कांड में अभियोजन पक्ष ने 18 गवाहों के बयान पढ़ कर सुनाएं



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। विधायक इरफान के आगजनी कांड में अभियोजन पक्ष की बहस पूरी हो गई है। कोर्ट में 18 गवाहों के बयान पेश किए गए। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने सभी गवाहों के बयान कोर्ट को पढ़कर सुनाए और विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट में ज्वलनशील पदार्थ पाए जाने की बात कही।वहीं बचाव पक्ष ने मामले में बहस शुरू की। कहा कि घटना के 24 घंटे बीतने के बाद क्यों पीड़िता ने थाने में शिकायत की। ये विधायक और उनके भाई को फंसाने के उद्देश्य से पूरी प्लानिंग के साथ किया गया है।पीड़ित के घर के 4 लोगों के बयान दर्ज डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के आरोपी सपा विधायक इरफान सोलंकी व उनके भाई रिजवान सोलंकी के मामले में एमपी/एमएलए सेशन कोर्ट में सुनवाई की गई। सहायक शासकीय अधिवक्ता भास्कर मिश्रा ने मामले में नजीर फातिमा के घर के चार, जनता के छह व सरकारी आठ गवाहों के बयान कोर्ट को पढ़ कर सुनाए।इसके साथ ही कन्नौज के विधि विज्ञान प्रयोगशाला से आई रिपोर्ट के बारे में बताते हुए कहा कि प्रयोगशाला ने जांच में ज्वलनशील पदार्थ की पुष्टि की है। इसके साथ ही घटनास्थल के पास मिले जले हुए कपड़े, बांस व लकड़ी के टुकड़े की जानकारी दी।गवाहों व सबूतों के आधार पर सहायक शासकीय अधिवक्ता ने कहा कि विधायक व उनके साथियों ने ही नजीर फातिमा के घर पर आग लगाई थी। सुनवाई में बचाव पक्ष के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि नजीर फातिमा न ही मकान में रहती थीं और न ही उनका कब्जा है।आरोप लगाते हुए कहा कि जो नजीर फातिमा की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई है, वो सलाह मशविरा करके सपा विधायक को फंसाने के उद्देश्य से लिखाई गई है। घटनास्थल से 1 किमी. दूर थाना होने के बावजूद 24 घंटे बाद रिपोर्ट दर्ज कराई गई।बचाव पक्ष ने बताया कि एफआईआर देर से दर्ज कराने के स्पष्टीकरण भी पीड़िता की ओर से नहीं पेश किया गया है। एफआईआर कपोल कल्पना के आधार पर लिखाई गई है।

# भूमाफियाओं द्वारा गौशाला की जमीनों पर किए जाने वाले कब्ज़े के विरोध में ज्ञापन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कानपुर गौशाला सोसाइटी की जमीनों पर हो रहे अनाधिकृत कब्जे तथा भूमाफियाओं द्वारा गौशाला की जमीनों पर किए जाने वाले कब्जे के विरोध में गौशाला कमेटी का एक प्रतिनिधि मण्डल पुलिस आयुक्त से मिला तथा उन्हे अपने समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर गौशाला कमेटी के सुरेश गुप्ता ने कहा कि यह सोसायटी विगत135 वर्षो से लगातार गौवंशों के संरक्षण का कार्य कर रही है और यहां लगभग 1000 गौवंशों का भरण पोषण किया जा रहा है। सोसायटी की कई जमीनों पर भूमाफियों ने अनाधिकृत कब्जा कर रखा है। उन्होने बताया कि सोसाइटी की भौती स्थित जमीन नई बस्ती जगतपुर थाना सचेंडी कानपुर नगर स्थित है ।

उसपर सुधरी पाल द्वारा प्लाटंग करवाकर गौशला की भूमि पर कब्जा किया जा रहाहै। इसी प्रकार सचेंडी में सागर ढाबा द्वारा जमीन पर सागर ट्रेडर्स के नाम से फर्म खोलकर बगल की जमीन पर कब्जा कर दिया गया है, भौती में इन्द्रजीत सिंह यादव ने कब्जा कर रखा है तो वहीं शाहपुर थाना पनकी जमीन पर अमित कुमार द्वारा अनाधिकृत कब्जा किया गया है।

# मास्टरमाइंड गुड़िया और वारदात को अंजाम देने वाला पंचू फरार

## जल्द दोनों की गिरफ्तारी की जाएगी- अंकिता शर्मा, एडीसीपी साउथ



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में जनपद में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, हर घर जल योजना, निपुण परीक्षा आकलन, ऑपरेशन कायाकल्प, शादी अनुदान योजना, ओ.डी.ओ.पी. टूलकिट योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपर्युक्त योजनाओं आदि से संबंधित उपस्थित अधिकारियों को निम्नलिखित निर्देश दिए गए अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड एवं निर्माण खंड-2 को निर्देश दिए गए कि जिन सड़कों में मेन होल एवं सड़क का लेबल असमान है, जिससे दुर्घटना होने की संभावना है, उन सभी मेनहोल को चिन्हित करते हुए सड़क के समरूप किया जाए।कौशल विकास मिशन के कार्यों में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने के कारण प्रधानाचार्य, आई.टी.आई. एवं जिला समन्वयक, कौशल विकास मिशन को कारण बताओं नोटिश निर्गत करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिए। जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा सामूहिक विवाह योजना के कार्यो में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित न किए जाने के दृष्टिगत उनका कारण बताओ नोटिश निर्गत किए जाने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिए। समस्त जिला स्तरीय अधिकरी विकास कार्यो से सम्बंधित भूमि विवाद के समस्त प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में समाधान दिवस के दौरान अपने-अपने उप जिलाधिकारी से संपर्क करते हुए भूमि विवाद के प्रकरणों को निस्तारित कराते हुए विकास कार्यों को प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें समस्त जिला स्तरीय अधिकारी प्रत्येक माह में कम से कम 05 विभागीय योजनाओं एवं अन्य विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए निरीक्षण आख्या फोटोग्राफ्स के साथ जिला विकास अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।हेल्थ एण्ड वेलनेश सेंटर की समीक्षा के दौरान पाया गया कि 05 स्थानों पर हेल्थ एण्ड वेलनेश सेंटर का निर्माण कार्य अभी भी प्रारंभ नहीं हो सका, जिसके संबंध में भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने हेतु किसी प्रकार का प्रयास न करें।

# कुलपति के नेतृत्व में सीएसए में चला स्वच्छता अभियान

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिसर के गेट नंबर 5 से मुख्य भवन होते हुए गेट नंबर 3 तक स्वच्छता अभियान के अंतर्गत साफ सफाई कार्यक्रम का विशेष अभियान चलाया गया। विश्वविद्यालय के सभी संकाय सदस्य, वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय परिसर में साफ सफाई की।इस अवसर पर कुलपति सहित सभी अधिकारी एक साथ विश्वविद्यालय परिसर स्थित कार्यालयों, विभागों, अनुभागों एवं छात्रावासों तथा अन्य स्थानो में अभियान का आगाज करते नजर आए। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि इस अवसर पर कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने कहा कि हम सभी संकल्प करें, कि अपने जीवन में कभी भी गंदगी नहीं फैलाएंगे। और स्वच्छता में अपना योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि हमारी जीवन शैली आदतें, स्वच्छता को मजबूती देती हैं। उन्होंने कहा कि यह सफाई कार्यक्रम एक घंटा और एक दिन का नहीं बल्कि जीवन पर्यंत चलने वाला कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से हमारे जीवन शैली को बदलने व नागरिकों के बीच जिम्मेदारियों का गहरा व्यावहारिक परिवर्तन लाने के लिए है।

# कर्नलगंज पुलिस ने सट्टेबाज को धर दबोचा



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। शहर में दिन पर दिन बढ़ रहे सट्टेबाजों पर पुलिस ने नकेल लगाने के लिए कमर कस ली है। इसी के तहत आज कानपुर कानपुर पुलिस कमिश्नरेट की सेंट्रल जोन टीम ने एक शातिर सट्टेबाज को गिरफ्तार कर लिया है जिसके पास से सट्टेबाजी का सामान भी पुलिस ने बरामद कर लिया है मुखबिर की सटीक सूचना पर मालूम हुआ कि एक बंद कमरे में एक सट्टेबाज बैठा है जो सट्टेबाजी का कारोबार करता है सूचना मिलते ही चौंकी प्रभारी देवेन्द्र कुमार सिंह मय हमराही आनन्द शुक्ला व अमित कुमार ने मौके से पहुंचकर गम्मू खां के हाते से शातिर सट्टेबाज रहमान खान उर्फ मुलायम को गिरफ्तार कर लिया है जिसके पास मौके पर दो डिब्बे सील मुहर 2900 रूपए और दो मोबाइल मिले हैं कर्नलगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। जिसमे मुख्य भूमिका हेड कां अमित कुमार की रही। गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी इंचार्ज देवेंद्र कुमार सिंह आनंद शुक्ला रहे।

# जीआरपी के हत्थे चढ़ा उन्नाव निवासी शातिर चोर

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। रेलवे में हो रही अपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे द्वारा दिये गये मार्गदर्शन के क्रम में रेल में हो रही चोरी की घटनाओं की रोकथाम, अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी कानपुर सेन्ट्रल योगेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कानपुर सेन्ट्रल रेलवे स्टेशन के गेट नं0 04 से एक शातिर अभियुक्त आशीष पाल जो ग्राम अलोलापुर थाना बांगरमऊ जिला नाव को गिरफ़्तार किया गया है। सीओ जीआरपी कानपुर सेंट्रल संजीव कुमार ने बताया की जिसके पास से चोरी की गयी दो मोटर साइकिलें यामहा ऋ15 एवं टीवीएस अपाचे बरामद हुयी है। अभियुक्त ने पूंछतांछ में बताया कि वह मोटर साइकिल अन्य स्थानो से चुरा कर रेलवे स्टेशन कानपुर में खड़ा कर देता हूँ मौका पाकर यहाँ से ले जाकर बेच देता हूँ।

# प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व सांसद पचौरी ने कानपुर में कराया सुंदरकांड पाठ

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हो रही रामराज की स्थापनाः पचौरी



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। अयोध्या में श्री रामलला विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा से ठीक दो दिन पहले शनिवार को कानपुर नगर सांसद सत्यदेव पचौरी ने किदवई नगर के सोटेश्वर हनुमान बाबा मंदिर पर सुंदर कांड पाठ एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित कराया। भव्य स्तर पर हुए इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के जय श्री राम%, राजा रामचंद्र की जय बजरंग बली की जय के उद्घोष से पूरा पंडाल गूंज उठा। 22 जनवरी को अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलाल विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे रामभक्तों का उत्साह बढ़ता जा रहा है।

पूरे देश में अलग-अलग जगहों पर बड़े-बड़े आयोजन कराए जा रहे हैं। सांसद सत्यदेव पचौरी का संसदीय क्षेत्र कानपुर नगर भी इससे अछूता नहीं रहा है। किदवई नगर के सोटेश्वर हनुमान बाबा मंदिर में सुंदरकांड पाठ में सैकड़ों की संख्या में भक्त इकट्ठा हुए और बजरंग बली की भक्ति में लीन नजर आए।

सांसद पचौरी ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए कारसेवकों के संघर्ष एवं उनके बलिदान को श्रेय देते हुए भारतीय जनता पार्टी के संकल्प एवं प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि यदि मोदी सरकार ना होती तो रामलला के इस भव्य मंदिर का कभी निर्माण ना हो पाता। पचौरी ने कहा, राम मंदिर निर्माण का पूरा श्रेय कारसेवकों के संघर्ष एवं उनके बलिदान के साथ-साथ मोदी जी के संकल्प को जाता है।

यदि केंद्र में मोदी सरकार ने होती तो इस अलौकिक राम मंदिर का निर्माण सम्भव नहीं था। 22 जनवरी को रामलला विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा इस बात का प्रतीक है कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने रामराज्य की जो परिकल्पना की थी, वह समय अब नजदीक आ गया है।

अयोध्या में रामलला के आगमन के पश्चात रामराज्य के संकल्प के साथ देश में विकास की गति और भी तीव्र हो जाएगी।सुंदरकांड पाठ में प्रमुख रूप से अरुण पाठक, संजीव पाठक, जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, श्री राधेश्याम पांडे, विनोद शुक्ला, रामदेव शुक्ला, कौशल किशोर दीक्षित, अनीता गुप्ता, रवीन्द्र पाटनी, अरुण पाल, विजय मिश्रा, पूनम द्विवेदी, राजू बाल्मीकि, अभय मिश्रा, आदि उपस्थित रहे।

# श्री मद्भागवत गीता जयंती आयोजन समिति द्वारा हुआ अभिनंदन



कानपुर। श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में कानपुर के 15 गणमान्य लोगों को श्रीराम जन्म भूमि मंदिर तीर्थ ट्रस्ट की ओर से आमंत्रित किया गया है। इन 15 गणमान्य लोगों का श्री मद्भगवतगीता जयन्ती आयोजन समिति द्वारा अभिनन्दन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन यूनाइटेड पब्लिक स्कूल के सभागार में किया गया, जिसकी अध्यक्षता इन्द्र मोहन रोहतगी ने की। इस अवसर पर आरएसएस के कानपुर प्रान्त संघ संचालक भवानी भीख तिवारी द्वारा कहा गया कि भयभीत करना भी हिन्दुओं को आना चाहिये तो विभाग संघचाकल श्यामबाबू गुप्ता ने राम नाम महिला की चर्चा की। विहिप कानपुर अध्यक्ष राजीव महाना ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत अयोध्या में वर्ष पर्यंत आयोजनों की तैयारी राज्य सरकार द्वारा की गयी है। उन्होने सभी नगरवासियों से परिवार सहित श्री आयोध्या में जाकर राम लला के दर्शन व राम जी की कृपा प्राप्त करने को कहा। कार्यक्रम में राजीव महाना, डा0 उमेश पालीवाल, संजय जाटव, सुरेन्द्र गुप्ता, राजेश कुकरेजा, निचकेता तिवारी, गोविन्द भावे, कपिल पाण्डेय, जूही मांगलिक, गौरव भदौरिया आदि लोगों ने सभी गणमान्य लोगो का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# ट्रेन की चपेट आये वृद्ध का वीडियो हुआ वायरल, सिहर उठे वीडियो देखने वाले

## संचेडी थाना क्षेत्र में घटित हुआ दर्दनाक हादसा, जल्दबाजी ने ली बुजुर्ग की जान




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जल्दबाजी और लापरवाही ने एक बुजुर्ग की जान ले ली। हुआ कुछ यूं कि एक बुजुर्ग अपनी ही धुन में रेलवे क्रासिंग को पार कर रहा था, तभी तेज रफतार ट्रेन की वह चपेट में आ गया और कुछ देर घिसटता चला गया। जब बुजुर्ग ट्रेन से अलग हुआ तब तक उसकी मौत हो गयी थी। बुजुर्ग के साथ हुई इस दुर्घटना का वीडियों बडी तेजी के साथ सोशल मीडिया में वायरल हो गया और जिसने भी यह खौफनाक वीडियों देख वह सिहर उठा।जानकारी के अनुसार मामला थाना संचेडी क्षेत्र का है जहां यह हादसा घटित हुआ। बताया जाता है कि सचेंडी थाना क्षेत्र के संचेडी गांव के रहने वाले 65 वर्षीय बुजुर्ग धनीराम कुश्वाहरा रविवार की शाम अपनी साइकिल से घर वापस आ रहे थे और रास्ते में पडने वाले पनकी पडाव क्रॉसिंग पर वह पहुंचे थे। क्रॉसिंग बंद होने के कारण धनीराम लापरवाही बरतते हुए जल्दबाजी के चक्कर में अपनी साइकिल सहित क्रासिंग पार कर रहे थे तभी तेज गति से आती हुई ट्रेन की चपेट में आ गये और ट्रेन के साथ खिंचते चले गये। कुछ दूरी पर जब वह ट्रेन से छटककर अलग गिरे तब तक उनके प्राण पखेरू उड चुके थे। मृतक धनीराम के पुत्र बबलू ने बताया कि वह मृतक के बडे पुत्र है और पिरवार में उनकी मां शिव देवी तथा 9 भाई बहन है। वह राजमिस्त्री का काम करते थे और रविवार को अपनी साइकिल से घर वापस आ रहे थे कि हादसे का शिकार हो गये। मौके पर पहुंची जीआरपी गोविंद नगर द्वारा पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# आवारा साड़ ने ली नाबालिक की जान

## आये दिन आवारा पशुओं से राहगीर व वाहन चालक हो रहे शिकार, कई बार हो चुकी दुर्घटनाएं, कानपुर की सड़कों पर हजारो की संख्या में घूमते आवारा जानवर बन रहे शहरवासियों के जीवन के लिए काल



कानपुर नगर, कानपुर की सडकों पर लगातार आवारा जानवरों का आतंक मचा हुआ है। आवारा जानवरों में सांड, गाय, सुअर और कुत्ते है जो दिन-प्रतिदिन लोगों के जीवन के लिए काल साबित होते जा रहे है। नगर प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर इन आवारा पशुओं की बात तो की जाती है लेकिन हकीकत दूसरी है। अभियान कर्मचारी सिर्फ गायों को पकडते है और गाय पालकों से पैसा लेकर उन्हे छोड देते है, इसके अलावा किसी और जानवर को पकडने की तेजी कर्मचारियों में नही होती। इन जानवरों केसाथ ही बंदर भी शहर की बडी समस्या है जो शहर के कई इलाकों में आतंक का पर्याय बने हुए है। आवारा पशुओं से होने वाले हादसो में एक हादस और जुड गया, जिसमें एक सांड ने एक नाबालिक को उठाकर पटल दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी।

घटना विश्व बैंक बर्रा की है जहां के रहने वाले राकेश मिश्रा का 16 वर्षीय पुत्र रविवार शाम को किसी काम से अपनी साइकिल से जा रहा था। राकेश मिश्रा ने बताया कि रास्तें में एक आवार सांड ने उनके पुत्र को उठाकर पटक दिया, जिससे उसे गंभीर चोटो आई। सूचना मिलते वह अपने पुत्र को हैलट अस्पताल ले गये जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। अचानक पुत्र की मौत से पूरे परिवार में मातम फैल गया वहीं घटना सीसी टीवी फुटेज में कैद हो गयी। यह एक घटना है ऐसी कई घटनाये शहर में होती रहती है, जिसमें लोग जख्मी होते रहते है और यह छोटी-मोटी घटना उद्धघटित नही होती। आखिर शहर की सडकों पर आवारा पशुओं पर नगर निगम कैटिल विभाग की लापरवाही आम जनमानस पर कब तक हादसों का कारण बनती रहेगी।

# वाणिज्यकर की छापेमारी के दौरान ट्रक से पकड़ी गयी 4800 किलो प्रतिबधित पॉलीथीन

कानपुर । एक बार फिर एसपीएसटी वाणिज्यकर विभाग द्वारा ट्रक पर छापेमारी कर चोरी से दूसरे राज्य ले जायी जा रही 4800 किलो प्रतिबंधित पॉलीथीन बरामद की गयी है। इससे पहले जनवरी माह में ही 10 टन अवैध प्रतिबंधित पॉलीथीन पकडी गयी थी। पकडी गयी पॉलीथीन पर किसी की नजर न पडे इसके लिए पॉलीथीन को परचून सामग्री से ढककर दूसरे राज्य के लिए ले जाया जा रहा था। वहीं नगर निगम के परवर्तन दल द्वारा 4.75 लाख का जुर्माना लगाया गया है। एसपीएसटी वाणिज्यकर विभाग को मिली सूचना के आधार पर विभाग द्वारा समय शताब्दी ट्रक पर छापेमारी की गयी। वाणिज्य विभाग अधिकारियों को बडी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथीन बरामद हुई। बताया जाता है कि ट्रक द्वारा इस प्रतिबंधित पॉलीथीन को गुजरात से भदोही भेजा जा रहा था।

# हृदय रोग संस्थान में अब आरएक्स के स्थान पर लिखा जायेगा राम

## पहले भी हृदय रोगियों के लिए 7 रूपये मात्र में बनाई गई थी राम किट लोगों को होगा सनातनी होने का एहसास, राम नाम के साथ बना है उनका धनुष, संस्थान के प्रोफेसर ने बताया यह है नियम के विरूद्ध, जल्द इसपर करेंगे चर्चा



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कानपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग संस्थान में मरीजों के बनने वाले पर्चो पर अभी तक आरएक्स लिखा दिखाई देता था, लेकिन अब आगे से आपको ऐसा नही दिखेगा। आरएक्स के स्थान पर आपको राम लिखा देखने को मिलेगा वह भी धनुष-बाण के साथ। यह अनोखी पहल कार्डियोलॉजी में शुरू की गयी है। अभी तक लिखे आरएक्स का मतलब इजिप्ट के गॉड होरेस से है, जिसका आशय है कि दवा खाये और ईश्वर आपको स्वस्थ करे। फिलहाल इस अनोखी पहल को काफी सराहा गया है।

कानपुर हृदयरोग संस्थान के पर्चो पर अब आरएक्स के स्थान पर राम लिखा दिखाई देखा। इस अनोखी पहल के सम्बन्ध में संस्थान में एसोसिएट प्रो0 नीरज कुमार ने बताया कि अभी तक मरीजों के पर्चो पर आरएक्स लिखा जाता था, जो पश्चिमी देशा की देन था लेकिन अब पर्चे पर राम लिखा जायेगा वह भी धनुष बाण के साथ। यह अपने आप में अनोखी पहल है, जिससे लोगों को सनातनी होने का अहसास होगा। इससे पहले भी संस्थान में हृदय रोगियों के लिए 7 रूपये में राम किट बनाई गयी थी, जिसमें अचानक होने वाले हृदयघात के लक्षण दिखने पर रामकिट की दवाईयों का उपयोग कर प्राथमिक इलाज लिया जा सकता है और इससे मरीजों पर छाया जान का संकट समाप्त हो सकता है। उन्होने बताया कि राम किट में हार्ट अटैक के समय महत्वपूर्ण तीन आवश्यक दवांओं को रखा गया, जिसकी कीमत मात्र 7 रूपये रखी गयी है। वहीं कॉर्डियोलॉजी के प्रो0 राकेश वर्मा ने इस मामले पर कहा कि संस्थान द्वारा इस सम्बन्ध में कोई भी निर्देश जारी नही किया गया है और न ही इसके लिए कोई अनुमति उच्चाधिकारियों से ली गयी है। डा0 नीरज कुमार स्वयं ही अपने मतानुसार ऐसा कर रहे है जो नियम के विरूद्ध है और इस सम्बन्ध में उनसे जल्द ही बात की जायेगी।

# संस्था ने चौथी बार खिचड़ी भंडारे के साथ किया निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सर्च भारत फाउंडेशन लगातार जनहित कार्यों पर लगकर लोगों की निशुल्क निस्वार्थ सेवा भाव से लगातार कार्य कर रहा है तो वही आज 15 जनवरी 2024 को मकर संक्रांति के उपलक्ष पर निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन ग्राम संदौली पर कराया चौथवा विशाल भंडारे पर लोगों को प्रसाद ग्रहण करवाया सर्च भारत फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कामता प्रसाद ने कहा कि संस्था हमारी लगातार चार सालों से निरंतर समाज सेवा कर रही है वह लोगों को हर संभव मदद देने का निरंतर कार्य कर रही है हमारा यह सौभाग्य है कि आज हमारी संस्था का चौथा विशाल भंडारा व निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कराया है जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया वह अपनी आंखों का चेकअप करवाया है भंडारे के आयोजन कर्ता संस्था के राष्ट्रीय सचिव विवेक सिंह ने संस्था की तरफ से मकर संक्रांति की बधाई देते हुए कहा कि समाज सेवा करना एक सबसे बड़ा धर्म है और इस कार्य को हम जैसे नवयुवक लोगों को ऐसी मुहिम पर आगे आना चाहिए और संस्था पर जुड़कर लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए जिस तरह आज संस्था निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कर गरीब असहाय लोगों की निस्वार्थ सेवा भाव से कैंप का आयोजन करवाया तो वही विजन आई केयर सेंटर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था से मिलकर लगातार कार्य करने का आवाहन किया और निशुल्क आंखों की जांच निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन संबंधित अन्य बीमारियों के भी कैंप लगाने पर संस्था का सहयोग करें इस पर उपस्थित संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष कामता प्रसाद राष्ट्रीय सचिव विवेक सिंह ,जागेश्वर कुरील राजाराम पाल,राजू बाबू,सजीवन लाल,सुरेश कुमार व विजन आई केयर सेंटर के डॉक्टर आलोक सचान अंकित सचान अर्जुन सिंह उपासना निषाद सहित संस्थान के अन्य डॉक्टर लोग उपस्थित रहे।

# लाला लाजपत राय चिकित्सालय में चिकित्सक मरीजों को लगा रहे है राम धुन का मरहम

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।22 जनवरी को आयोध्या में भगावान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव होने वाला है और उससे पहले पूरा देश राम मय हो चुका है। जहां कानपुर हृदय संस्थान में राम किट मरीजों को उपलब्ध कराई गयी है, पर्चे में राम नाम लिखा जा रहा है वहीं श्री राम के प्रभाव से चिकित्सा संस्थान और गणेश शकर विधर्थी मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध लाला लाजपत राय चिकित्सालय के न्यूरों सांइस विभाग में मरीजों को राम धुन का मरहम लगाया जा रहा है।श्रीराम जी की यदि कृपा हो जाये तो असहज कार्य भी संभव हो जाता है और इसी का एक उदाहरण गणेश शंकर विधार्थी मेडिकल कालेज से सम्बद्ध लाला लाजपत राय चिकित्सालय के न्यूरों सांइस विभाग में देखने को मिला जहा मरीजों को रामधुन का मरहम लगाया जा रहा है। इस अभिनव प्रयोग का असर भी दिखाई देने लगा है।, सिर पर चोट लगने से उत्तेजित मरीजों को मस्तिष्क राम धुन सुनने से शांत हो रहाहै। मरीजों का बढा हुआ ब्लड प्रेशन नियंत्रित हो रहा है और अब मेडिकल छात्रों से राम धुन का रमीजों पर होने वाले इस असर पर अध्यन कराने की तैयारी है। न्यूरो सर्जरी विभाग के विभागध्यक्ष डा0 मनीष सिंह ने रामधुन का यह अनूठा प्रयोग मरीजों पर करना शुरू किया है। उन्होने बताया कि न्यूरों सर्जरी विभाग में सिर पर चोट लगने से मरीज गंभीर स्थिति में आते है और उन्हे उबरने में काफी समय लगता है, इसलिएइलाज के साथ भगवान भजन से सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने का अभिनव प्रयोग शुरू किया गया है।

# बीयर, मोबाइल सहित तीन दुकानों को चोरो ने बनाया निशाना

## रविवार की देर रात बर्रा गुलाबी बिल्डिंग चौराहे स्थित दुकानों के तोड़े गये शटर, हजारों का माल पार

कानपुर। कानपुर के साउथ क्षेत्र में लगातार ताबड-तोड होने वाली चोरियां थमने का नाम नही ले रही है। पुलिस गश्त के बावजूद चोरो हा हौसला इस प्रकार बढा हुआ है कि भयहीन चोर मुख्य चौराहो की दुकानों तक को अपना निशाना बना रहे है। रविवार देर रात चोरो ने बीयर, मोबाइल शॉप सति तीन दुकानों का शटर तोडकर नकदी तथा मोबाइल चोरी कर दिया। सोमवार की सुबह दुकान स्वामियों ने चोरी होने की घटना की जानकारी पुलिस को दी।

थाना बर्रा क्षेत्र के गुलाबी बिल्डिंग चौराहे पर स्थित बीयर तथा मोबाइल सहित तीन दुकानों को रविवार की देर रात चोरो ने अपना निशाना बनाया और 500 मीटर के अन्दर तीनों दुकानों के शटर तोड कर सामान व नकदी लेकर फरार हो गये। सोमवार की सुबह दुकान स्वामियों को घटना की जानकारी हुई और उन्होने पुलिस को सूचित किया। चोरी के सम्बन्ध में संदीप बाजपेई जो कि बसंत बिहार निवासी है, उन्होने बताया कि उनकी गुलाबी बिल्डिंग चौराहे पर बीयर की दुकान है और वह रविवार को दुकान बंद करने के बाद घर चले गये थे। यही कथन लगभग सभी दुकान दारों का है। व्यापारियों का कहना है कि रविवार की देर रात चोरो ने दुकानों का शटर तोडकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। संदीप बाजपेई नेग ताया कि उनकी दुकान से बीयर की बोतल तथा 32सौ रूपये गायब है तो कुछ ही दूर स्थित मोहित पाल की मोहित टेलीकॉम नाम की दुकान का शटर तोडकर चोरो ने 6 मोबाइल पार कर दिया। चोरी की घटना से स्थानीय दुकानदारों में काफी आक्रोश है तो थाना प्रभारी बर्रा दिनेश सिंह बिष्ट ने कहा है कि उन्हे चोरी की घटना की जानकारी मिली है और पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी गयी है, सीसी टीवी कैमरो की जांच कराई गयी है, जिसमें चोरी करने वाले चोर कैद हो गये है, जिनकी खोज की जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में रियल स्टेट कारोबारी के इकलौते पुत्र की मौत

## मंगलवार की सुबह चौबेपुर थानाक्षेत्र बिठूर तिराहा के पास डिवाइडर से टकराई कार कार में दबने से कारोबारी के पुत्र की हुई मौत, पोस्टामार्टम के लिए भेजा गया शव परिवार में मचा कोहराम, बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने दी परिजनों को सांत्वना



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।मंगलवार की सुबह एक हृदयविदाक घटना में एक कारोबारी के इकलौते पुत्र की सडक हादसे में मृत्यु हो गयी। कारोबारी के पुत्र की मौत कार में दबने के कारण हुई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आधारकार्ड से पहचान कर मृतक के परिजनों को सूचना दी। इकलौते पुत्र की मृत्यु की सूचना पर पूरे परिवार में कोहराम मच गया। घटना स्थल पर पहुंचे परिजन शव देखकर बिलख कर रोने लगे। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बिठूर के विधायक भी पोस्मार्टम हाउस पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी।जानकारी के अनुसार थाना स्वरूप नगर क्षेत्र के साईधाम अपार्टमेंट में रहने वले तथा रियल स्टेट ग्रीन हिल्स के कारोबारी सर्वेश सिंह परिवार सहित रहते है। बताया जाता है कि परिवार में उनका 25 वर्षीय पुत्र अंकित सिंह था तथा एक पुत्री गुडिया जिसकी शादी हो चुकी थी। परिजनों की माने तो मंगलवार की सुबह उनका पुत्र अंकित प्रापॅटी के काम से ही शिवराजपुर की ओर जा रहा था, लेकिन उन्हे क्या पता था कि वह अपनी मौत की तरफ जा रहा है। अंकित की कार चौबेपुर थानाक्षेत्र बिठूर तिराहे के पास डिवाइडर से टकरा गयी। हादसे में कार में दबने के कारण मौत हो गयी। दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पास मिले आधारकार्ड से पहचान करते हुए परिजनों को सूचना दी। इकलौते पुत्र की दुघर्टना की खबर मिलते ही परिवार में हडकंप मचगया और परिजन तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गये जहां अपने पुत्र का शव देखकर बिलख उठे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं बिठूर से भाजपा विधायक अभिजीत सिंह सांगा भी पोस्टमार्टम पहुंचे और उन्होने दुखी परिजनों को सांत्वना दी। इसी बीचमृतक की मां रेखा की पोस्टमार्टम हाउस में अचानक तबियत बिगड गयी।

# पुलिस आयुक्त द्वारा सेंट्रल रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। 22 तारीख को आयोध्या में रामलला के भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लकर कानपुर का पुलिस प्रशासन पूरी तरह सर्तक है। जहां सडकों पर मुस्तैदी के साथ प्रशासन सुरक्षा के मानकों को परख रहा है और संदिग्ध अवस्था की आंशका में पूंछतांछ भी कर रहा है तो वहीं शनिवार को पुलिस आयुक्त कानपुर द्वारा सेंट्रल स्टेशन का निरीक्षण किया गया।

कानपुर के पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा आयोध्या में आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को निर्विधन सम्पन्न कराने एवं समारोह में आने वाले अति विशिष्ट तथा श्रद्धालुजनों की सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर का औचक भ्रमण किया गया। इस दौरान पुलिस आयुक्त द्वारा यात्रियों से वार्ता की गयी साथ ही मौके पर उपस्थित थानाध्यक्ष रेलबाजार तथा जीआरपी को असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के साथ-साथ सघन चैकिंग किए जाने तथा यात्रियों के प्रति चैकिंग के दौरान व्यवहार व आचरण अच्छा रखने सहित सुरक्षा सम्बन्धि आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# यूपी महोत्सव गेट लगाने पर ओवर लोडिंग ट्रक ने मारी टक्कर, कई गाडियां हुई क्षतिग्रस्त



कानपुर नगर। किदवई नगर चालीस दुकान के पास यूपी महोत्सव गेट लगाने पर ओवर लोडिड ट्रक ने मारी टक्कर कई गाडियां हुई क्षतिग्रस्त ।डीसीएम चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टला। घटनास्थल से निकल रहे एसीपी रंजीत कुमार ने सूझबूझ दिखाते हुए अपनी गाड़ी रोककर घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# कांग्रेस से विरोध कर घाटमपुर विस के प्रत्याशी ने ली भाजपा की सदस्यता

**समाज का साथी**

कानपुर। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने क्षेत्रीय कार्यालय पर अपने सैकड़ों साथियों के साथ आये घाटमपुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे राज नारायण कुरील नें कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाये। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने राज नारायण कुरील उनके साथ आये दो दर्जन से अधिक प्रधानों व सैकड़ों कार्यकर्ताओं को भाजपा का पटका पहना कर स्वागत करते हुए पार्टी मे शामिल करनें की घोषणा की ।श्री कुरील ने कांग्रेस के नेतृत्व सोनिया गांधी, अध्यक्ष खरगे ने रामजन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण अस्वीकार कर हम जैसे हज़ारों कार्यकर्ताओ का अपमान किया है ।क्षेत्रीय मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, जिला प्रभारी राधेश्याम पाण्डेय क्षेत्रीय जॉइनिंग कमेटी के संयोजक रामकिशोर साहू व अनूप अवस्थी ने भी सभी का स्वागत किया। सदस्यता समारोह को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा की कांग्रेस का इतिहास पुराना है कि जब जब देश के अंदर कोई बड़ा काम होता है, तो उसके नेता विरोध मे खड़े हो जाते हैं। कोंग्रेस के नेताओं ने पहले कोर्ट मे राम को काल्पनिक कहा और आज जब प्रभु का मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होने को तैयार है तो जनता ने देखा किस तरह से निमंत्रण को अस्वीकार दिया। श्री पाल ने कहा कि इंडी गठबंधन के दो दर्जन नेता हमारे जिला अध्यक्षों के सम्पर्क मे है। 22 जनवरी को राम उत्सव मानने के बाद पार्टी मे शामिल होंगे।

# पॉश क्षेत्रों में विमान गिराने की बात सुनकर दिल्ली तक मचा हडकंप

**नाबालिग शरारती छात्र ने इंडिगो एयरलाइन के कस्टमर केयर पर कॉल कर दी थी सूचना, विभाग में फैली दहशत**

**क्राइम ब्रांच ने कॉल की लोकेशन की ट्रेस, नम्बर निकला सेन पश्चिम पारा थाने की न्यू आजाद नगर चौकी का**

**नाबालिग छात्र को मोबाइल सहित पुलिस ने किया गिरफ्तार, चौकी इंचार्ज की तहरीर पर 506 के तहत दर्ज किया गया मुकदमा**



कानपुर नगर, कुछ एक ऐसी घटनाये कभी-कभी हो जाती है जो शायद देखने में साधारण प्रतीत होती है लेकिन ऐसे वाक्ये विभाग के लिए, प्रशासन के लिए सिरदर्द बन जाते है और ऐसे में ही यदि लापरवाही बरती जाये तो किसी समय यही घटनाये वास्तविकता का रूप ले सकती है, लेकिन मुस्तैद प्रशासन द्वारा ऐसी घटनाओं को तत्काल संज्ञान में लेकर सुरक्षा के प्रति सजगता का परिचय दिया जाता है। एक इसी प्रकार की घटना में इंडिगो एयरलाइन कम्पनी के कस्टमर केयरमें एक कॉल आया तथा कहा गया कि 40 विमान पॉश क्षेत्रों में गिरा दिये जायेगा। फिर क्या था, सूचना सुनते ही पूरे विभाग में हडकंप मच गया और इसकी सूचना प्रशासन को दी गयी।

देश विदेश में हवाई यात्रा कराने वाली इंडिगो एयरलाइन कम्पनी के कस्अमर केयर में कॉल करके सूचना दी गयी कि 40 विमानो को रिहायती इलाके में गिरा दिया जायेगा, जिसके बाद दिल्ली तक हडकंप मच गया और जांच में कॉल नम्बर यूपी के कानपुर का पाया गया। बात पुलिस तक पहुंची और सक्रिय हुई कमिश्नरेट पुलिस की क्राइम ब्रांच ने जब कॉल की लोकशन ट्रेस करना शुरू की तो वह नम्बर सेन पश्चिम पापरा थाने की न्यू आजाद नगर चौकी के पास का निकला, जहां एक 15 वर्ष के छात्र द्वारा यह कॉल की गयी थी। छात्र की एक शरारत ने पूरे महकमें में हडकंप मचा दिया था। यह कोई छोटी बात नही थी। छात्र ने कॉल करके कहा था कि उसके पास इनपुट है कि इंडिगों एयरलाइन के 40 विमाो को रिहाइशी क्षेत्रों में गिरा दिया जायेगा।

**न्यू आजाद नगर चौकी क्षेत्र का निवासी है छात्र, पुलिस ने किया गिरफ्तार**

40 विमान रिहाइशी इलाकों में गिराने की सूचना के बाद जब कॉल नम्बर ट्रेस किया गया तो वह न्यू आजाद नगर चौकी क्षेत्र का निकला। इस पूरी घटनाक्रम पर न्यू आजाद नगर चौकी इंचार्ज धर्मा कुशवाहा ने बताया कि उन्हे क्राइम ब्रांच से चूना मिली थी थी कि इंडिगों एयरलाइन के विमानो को गिराने की धमकी दी गयी है और उसका लोकेशन उसकी क्षेत्र में है। बताया कि लोकेशन महादेव मंदिर के पास की निकली, जिसके बाद वहां मौके पर फोर्स पहुंची गयी, जहां से एक 15 वर्षीय हाईस्कूल के नाबालिग छात्र के द्वारा की गयी इस हरकत का पता चला। उन्हेने बताया कि छात्र अपने परिवार के साथ वहां किराए के मकान पर रहता है और उसकी ने अपने पिता के फोन से इंडिगो एयरलाइन के कस्टमर केयर में 40विमानो वाली सूचना दी थी। बताया गया कि पता चला है कि छात्र मूल रूप से कुशीनगर के बकनहा गांव थाना कसमा का रहने वाला है तथा उसने इजराइल-हमास युद्ध की खबरें व वीडियों देखा था और उसने गूगल से इंडिगों एयर लाइन का नम्बर निकालकर अपने पिता के फोन से कस्टमर केयर में कॉल की थी। पुलिस ने नाबालिग छात्रा को मोबाइल सहित गिरफ्तार कर लिया साथ ही चौकी इंचार्ज की तहरीर पर धमकी देने की धारा 506 के अतंर्गत मुकदमा दर्ज किया गया, वहीं छात्र से पूंछतांछ की जा रही है।

**सुरक्षा के चलते हरकत में आई दिल्ली आईबी**

इंडिगो एयरलाइन कस्टम केयर में कॉल आने के बाद सुरक्षा के मददेनजर तत्काल जांच शुरू कर दी गयी। आयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में सुरक्षा के चलते तत्काल दिल्ली की आईबी हरकत में आ गयी और आईबी ने मामले की जानकारी उत्तर प्रदेश डीजीपी को दी, सिके बाद लखनऊ कमिश्नेट पुलिस के अधिकारियों को सूचना दी गयी और उसके बाद क्राइम ब्रांच सक्रिय हो गया और मामले का खुलासा किया।

# 22 जनवरी को कई राज्यों में बंद रहेंगे स्कूल, शराब और भांग की दुकानों सहित सभी प्रकार की दुकानें बंद रहेंगी



अयोध्या में राम मंदिर के लिए 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह करीब आ रहा है। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के लिए 'प्राण प्रतिष्ठा' के महत्वपूर्ण हिंदू समारोह के अवसर पर कुछ राज्यों ने इस ऐतिहासिक घटना का सम्मान करने और मनाने के लिए उस दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। अनुष्ठान के समापन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में विभिन्न वीवीआईपी की उपस्थिति के साथ एक भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार, राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह के लिए उत्तर प्रदेश में शैक्षणिक संस्थान 22 जनवरी को बंद रहेंगे। साथ ही उस दिन पूरे राज्य में शराब की दुकानें भी बंद रहेंगी।मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 22 जनवरी को स्कूल की छुट्टी घोषित की है, जिससे लोगों को इस दिन को त्योहार की तरह मनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। शराब और भांग की दुकानों सहित सभी प्रकार की दुकानों को बंद रखने के आदेश के साथ शुष्क दिवस की भी घोषणा की गई है। यादव ने एक्स पोस्ट में लिखा कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए हमने निर्णय लिया है कि 22 जनवरी को राज्य में शुष्क दिवस रहेगा। शराब और भांग की दुकानों सहित सभी प्रकार की दुकानें बंद रहेंगी।

गोवा में, राज्य सरकार ने आधिकारिक तौर पर 22 जनवरी को सरकारी कर्मचारियों और स्कूलों के लिए छुट्टी की घोषणा की है। यह निर्णय अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह की स्वीकृति में किया गया है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कैबिनेट बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, 卐स्कूलों के साथ-साथ केवल सरकारी कर्मचारियों के लिए सार्वजनिक अवकाश होगा।卐

छत्तीसगढ़ सरकार ने अयोध्या में राम मंदिर में नई मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में 22 जनवरी को राज्य के सभी सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी की घोषणा की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा सियाराम को जग जानत है। मैं आपको यथाशक्ति प्रणाम करता हूँ। अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को छत्तीसगढ़ के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी रहेगी।

हरियाणा सरकार ने राम मंदिर उद्घाटन के मद्देनजर 22 जनवरी को स्कूल बंद रखने की घोषणा की है। इसके अतिरिक्त, अभिषेक समारोह के दिन राज्य में कहीं भी शराब के सेवन की अनुमति नहीं होगी।

# कानपुर नगर में राम लला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की मचने लगी धूम

**नगर वासियों में बढता जा रहा उत्साह, सभी अपने यथाशक्ति से करेंगे श्रीराम के आगमन का स्वागत**

**बाजारों में भगवा झंडे, श्रीराम व हनुमान छपे झंडों की ब्रिकी चरम पर**

**युवाओ में रामलला महोत्सव के लिए गजब का जोश, चारो ओर हो रही जोरदार तैयारियां**

**मिष्ठान की दुकानो में पहले से ही मिठाईयों के आर्डर किए गऐ बुक, हलवाई भी नही रहेगे खाली**



कानपुर नगर, आयोध्या में श्रीराम लला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में मात्र अब 5 दिन बचे है। इस क्षण का पूरा कानपुर या उत्तर प्रदेश ही नही अपितु पूरा देश वर्षो से बाट जोह रहा था। 500 वर्ष का कडा संघष और कई अनमोल जीवन का बलिदान उसके बाद मिली सफलता के इस बडे और भव्य महोत्सव का हर व्यक्ति अंग बनना चाह रहा है। शहर में चारों ओर ऐसी तैयारियां की जा रही है, लोगों में ऐसा उत्साह है जैसे वह अपना सर्वस्व श्रीराम के लिए न्यौछावर करना चाह रहे है और इसके लिए लोग अपने अपने यथासार्मथ अनुसार तैयारियों में लगे है। 22 जनवरी को जो कानपुर में होगा वह एक इतिहास बन जायेगा और वर्षोवर्ष लोग इस दिन को भूल नही पायेंगे। एक बार फिर कानपुर सहित संपूर्ण भारत भूमि पर दीपावली मनायी जायेगी। एक ओर जहां बाजारो में पूजा,झंडा सहित अन्य सामग्रियों की बिक्री तेज हो गयी है तो वहीं मिठाई की दुकानों पर बडे आर्डर बुक किए गये है। कानपुर के सभी व्यापारियों के चेहरो में एक चमक देखी जा सकती है। इस महोत्सव का प्रभाव छोटे से लेकर बडे व्यापार तक पडेगा। माना जा रहा है कि महोत्सव से पूर्व तथा उस दिन तक कई सौ करोड का व्यापार होगा।

राम हिन्दुत्व की प्राण चेतना है और यह उस समय और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जब 500 वर्षो के कडे संघर्ष हमने इसे प्राप्त किया हो। कानपुर में आम जनमानस में राम लला प्राण प्रतिष्ठा समरोह को लेकर गजब का उत्साह है। लोग अपने अपने स्तर से तैयारियां कर रहे है तो पुलिस प्रशासन भी 22 जनवरी को लेकर सजग है। हर तरफ उल्लास का वातावरण बन हुआ है। आईये हम जानते है कि किस प्रकार की तैयारियां की जा रही है।

**मंदिरों की रंगाई-पुताई के साथ की जा रही सजावट**

राम लला महोत्सव से पूर्व होने वाली तैयारियों में कानपुर के मुख्य मंदिरों के साथ ही लगभग सभी मंदिरो, यहां तक कि मोहल्लो और गलियों के मंदिरों में भी स्थानीय लोगों द्वारा साफ-सफाई कराकर रंग-रोगन किया जा रहा है। कई मंदिरों को सजाया भी जा चुका है, जबकि कई मंदिरों में सजावट का काम किया जा रहा है। कई मंदिरों के पुजारियों का कहना है कि हमे इस जीवन का सबसे बडा उपहार मिल रहा है ऐसे में हम इस क्षण को विशेष बनाना चाहते है। कई मंदिरों में एक दिन पहले से रामायण का पाठ किया जायेगा तो कई स्थानों पर सुंदरकाण्ड तथा भजनो के आयोजन के साथ भण्डारे, प्रसाद वितरण का आयोजन किया जायेगा।फूल व्यापारी बडे पैमाने पर करेंगे फूलों की बिक्री, समावट के लिए कारीगरों को किया गया बुक कानपुर शिवाला स्थित कैलाश मंदिर फूलमंडी के अशोक सैनी ने बताया कि यू ंतो त्योहारो और वैवाहिक महीनों में फूल की खासी बिक्री होती है लेकिन 22 जनवरी को जब शादी सहालग भी होगी और श्रीराम माहोत्सव भी होगा ऐसे में फूलों की बहुत मांग बढ गयी है। 15 दिन पहले से शहर के बडे मंदिरों को सजाने के लिए फूलों की बुकिंग की जा चुकी है, शहर के प्रत्येक मोहल्लो से छोटे फूल विक्रेताओं के बडे-बडे ऑर्डर कर रखे है। हर प्रकार के फूलों की मांग की जा रही है। शहर में जितनी भी फूल मंडिया है सभी में यही हाल है। दूसरी तरफ सजावट करने वाले कारीगरो को भी पहले से बुक कर लिया गया है। अशोक सैनी ने बताया कि चूंकि उनका फूलो का व्यवसाय है ऐसे में पूजा-पाठ से सम्बन्धित लगभग सभी लोग उनसे जुडे है। शहर में शाहद ही ऐसी कोई भजन कीर्तन मण्डली हो जो 22 जनवरी के लिए बुक न हो। हम एक बडे और ऐतिहासिक महोत्सव के लिए तैयार है।

हलवाईयों की दुकानों में होने लगी एडवांस बुकिंग

श्री रामलाल महोत्व को लेकर शहर का उत्साह चरम पर है। शहर के कई हलवाईयों से बात करने पर बताया गया कि हमारे यहां 10 दिन पहले से 22 जनवरी को होने वाले महोत्सव के लिए विभिन्न प्रकार की मिठाईयों को बुक कर लिया गया है, विशेष रूप से लडडू की डिमांड अधिक है। कई क्षेत्रों के हलवाईयों ने बताया कि उन्हे दिनरात मेहनत करनी पडेगी तब जाकर आर्डर पूरा हो पायेगा। एक तरफ जब सहालग भी चल रही है ऐसे में कारीगरों की कमी भी महसूस हो रही है साथ ही इसनी बडी मात्रा में मावा की खपत किस प्रकार पूरी होगी यह कहा नही जा सकता है। हलवाईयों ने बताया कि हमारा पूरा ध्यान लडडू की तरफ है क्यों कि लडडुओ का बडा आर्डर लगभग सभी हलवाईयों के पास है। शिवाला के ही एक हलवाई राजाराम ने बताया कि उनके यहां से कई कारीगरों को लोगों द्वारा बुक किया जा चुका है।

**फल विक्रेताओं के भी खिले चेहरे**

फूलबाग फलमण्डी के फल विक्रेता ओम पहाडी ने बताया कि सर्दी के सीजन में फलों की बिक्री हमेशा कम ही हो जाती है। हम लोग अधिक सर्दी पडने पर कम फर मंगाते है। सहालग में फलों में उछाल आता है लेकिन श्री राम लला महोत्सव को लेकर फल व्यापारियों में भी बडा उत्साह है और फलो की डिमांड में भारी उछाल आई है। उन्होने बताया कि पूर्व से ही हर प्रकार के फलों की बुकिंग की जा रही है। बडी मण्डी में भी हम लोगों द्वारा पहले से फलों के लिए कहा जा चुका है। मौसम के कारण बाहर से फल समय पर नही आ पा रहे है, ऐसे में कानपुर के आस-पास के किसानों से बडा सहारा मिलेगा।

पूजन सामंग्री का बाजार सबसे गर्म

22 जनवरी हो होने वाले भव्य रामलला महोत्सव को लेकर यू ंतो बडी तैयारियां की जा रही है लेकिन सबसे अधिक पूजन साम्रगी का बाजार गर्म है। दिया, रूई, कपूर, धूपबत्ती, हवन सामग्री, बताशे, लौंग, इलाइची, सिंदूर, आम की लकडी, जनेऊ आदि की ब्रिकी में गजब की उछाल आई है और अभी से लोग इन सामानो को खरीद रहे है। शिवाला के ही एक पूजन प्रतिष्ठान के स्वामी ने बताया कि यहां तक शिवाला क्षेत्र में भगवान के सिंहासन बेचने वालों की दुकाने में सभी साइजों के सिंहासन अच्छी तादात में बिक रहे है तो वहीं श्री राम-लक्ष्मण और माता सीता के कैलेण्डर तथा उनकी मूर्ति की डिमांड काफी बढती जा रही है। उन्होने बताया कि ऐसा लग रहा है कि मानो पूरा शहर श्रीराम के आगमन की तैयारियों में जुडा है।

भगवा तथा श्रीराम और हनुमान के झंडो की बिक्री तेज

इन सबके बीच जो सामग्री सबसे अधिक बिक रही है और अब बाजारों में बडी मुश्किल से और मंहगी मिल रही है वह है झंडा। महोत्सव से पहले बाजारों से बडी मात्रा में भगवा, श्रीराम और हनुमान छपा झण्डा तेजी से बिक रहा है, बडे व्यापरियों के पास स्टॉक समाप्त हो चुका है। कारीगर इतनी तेजी से माल तैयार नही कर पा रहे है, जितनी तेजी से डिमांड की जा रही है। छोटे से लेकर बडे झंडे सभी की अधिक से अधिक डिमांड है साथ ही श्रीराम छपी हुई टोपियां भी खूब बिक रही है और भी श्रीराम, हुमान से जुडी नई नई डिजाइन की सामग्री बाजार में आ गयी है जो लोगों को खूब भा रही है। झण्डा विक्रेता अनूप तिवारी ने बताया कि ऐसा उत्सव मै अपने जीवन में शायद पहली बार देख रहा है जब मेरें यहां से झंडो की इतनी सेल हो रही है उन्होने बताया कि प्रभु श्रीराम के बैज बाजार में पहली पसंद बने हुए है। भगवान के वस्त्र, उनके श्रृंगार का सामान बाहर से मंगाया जा रह है। बताया कि बैज में श्रीरामा का फोटो लगा है और एक बैज कपडे का है जबकि दूसरे के बीच में प्लास्टिक लगाई गयी है तथा उसे सुन्दर प्रकार से सजाया गया है। बैज के आर्डन को व्यापारी पूरा नही कर पा रहे है।

नगर वासियों में है गजब का उत्साह

वह बूढा हो या जवान या फिर बच्चा, पुरूष हो या महिला सभी पर राम महोत्सव की उमंग का रंग चढता जा रहा है। कई लोगों से बात-चीत करने पर पता चला कि एक आम व्यक्ति का ह्रदय कितना गदगद है। बर्रा निवासी प्रवीर भटाचार्य ने बताया कि उन्हे जब राम जी के न्यौते के रूप में चावल मिला तो उन्हे लगा कि उनका जीवन धन्य हो गया। बताया कि उन्हे परिवार के प्रत्येक व्यक्ति की आंखों से आंसू छलक आये और ऐसा लगा कि मेरे प्रभु श्रीराम चलकर मेरे घर आये है। मैं आयोध्या तो नही जा सकता लेकिन अपने घर और अपने मोहल्ले को आयोध्या जैसा सजाने में पीछें नही रहूंगा और लगभग इसी प्रकार का कथन सभी शहर वासियों का है। एक बडी तैयारी की जा रही है, हम देखेंगे कि यह दिन जहां विश्व पटल पर चमकेगा तो सदियां इस दिन और इस पर्व को भुला नही पायेंगी। कुछ बुजुर्गो ने यहां तक कहा कि शरीर से तो हम कोई सहायता नही कर सकते लेकिन मेरे पास जो भी है वह सब श्रीराम का है ।

# प्राण प्रतिष्ठा का न्योता आया तो भी साथ ले जानी पड़ेगी ये 'खास' चीज, वरना नहीं मिलेगी एंट्री




अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का इंतजार दो दिन बाद 22 जनवरी को खत्म होने वाला है. भगवान श्रीराम के अभिषेक समारोह में देश-दुनिया की तमाम हस्तियां मौजूद होंगी. आयोजन के लिए निमंत्रण भेजना का दौर अब भी जारी है. निमंत्रण से जुड़ी अब बड़ी खबर से यामने आई है कि सभी गेस्ट को मंदिर में प्रवेश के लिए एंट्री पास लेकर जाना जरूरी होगा.

**क्यूआर कोड स्कैन होने के बाद ही होगी एंट्री**

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. ट्रस्ट ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन के लिए एंट्री पास जारी किया है. ट्रस्ट ने कहा कि एंट्री पास में दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करने के बाद मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी. एक्स पर एक पोस्ट में एंट्री पास की तस्वीर शेयर करते हुए मंदिर ट्रस्ट ने कहा, प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में आमंत्रित गणमान्य व्यक्तियों के लिए सूचनाः भगवान श्री रामलला सरकार के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में प्रवेश की अनुमति केवल दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करने के बाद ही दी जा सकती है.

**7 हजार से ज्यादा मेहमानों को न्योता**

ट्रस्ट ने कहा कि अकेले निमंत्रण कार्ड उत्सव में प्रवेश की गारंटी नहीं देता. प्रवेश पास की एक प्रति यहां संलग्न है. अभिषेक समारोह के लिए निमंत्रण कार्ड 7,000 से अधिक मेहमानों को भेजे गए हैं. जिनमें पुजारियों, दानदाताओं और कई राजनेताओं सहित 3,000 वीवीआईपी शामिल हैं.

**'नवग्रह' की स्थापना के बाद 'हवन'**

इस बीच राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा (अभिषेक समारोह) के लिए सप्ताह भर चलने वाला वैदिक अनुष्ठान शुक्रवार को चौथे दिन में प्रवेश कर गया. सुबह 9 बजे पवित्र अग्नि प्रज्ज्वलित की गई और उसके बाद 'नवग्रह' की स्थापना की गई और 'हवन' भी हुआ.


**कैसी होगी रामलला की प्रतिमा**

प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा बनाई गई भगवान राम की 51 इंच की मूर्ति को गुरुवार दोपहर 12:30 बजे के बाद अयोध्या में मंदिर के गर्भगृह के अंदर रखा गया. दोपहर 1:20 पर यजमान ने मुख्य संकल्प दिया और 'जलाधिवास' अनुष्ठान के हिस्से के रूप में मूर्ति को पानी से साफ किया गया और गुरुवार को 'गणेश पूजन' और 'वरुण पूजन' किया गया. प्रतिमा में भगवान राम को पांच साल के बच्चे के रूप में चित्रित किया गया है.

**22 जनवरी को होगी प्राण प्रतिष्ठा**

22 जनवरी को राम मंदिर में भगवान रामलला के विशाल प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या में तैयारियां जोरों पर हैं. प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए सप्ताह भर चलने वाला अनुष्ठान मंगलवार को शुरू हुआ और 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के साथ समाप्त होगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामलला की औपचारिक स्थापना की अध्यक्षता करने वाले हैं. मंदिर 23 जनवरी से आम जनता के दर्शन के लिए खुला रहेगा. प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर केंद्र ने गुरुवार को घोषणा की कि 22 जनवरी को सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालय आधे दिन के लिए बंद रहेंगे.

# मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस में हिंदू पक्ष को झटका, हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक



मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस में आज हिंदू पक्ष को झटका लगा है. सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है. सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की ओर से एडवोकेट कमिश्नर की नियुक्ति के आदेश पर रोक लगाई है. कोर्ट ने मस्जिद कमेटी की याचिका पर नोटिस जारी किया है. अगली सुनवाई 23 जनवरी को होगी. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट सुनवाई कर सकता है पर कमिश्नर की नियुक्ति को लेकर हाईकोर्ट के जज आगे नहीं बढ़ेंगे.बता दें कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने बीते 5 जनवरी को मथुरा के विवादित शाही ईदगाह के मामले में एक याचिका को खारिज कर दिया था. जिसमें विवादित शाही ईदगाह को हिंदुओं को सौंपने की मांग की गई थी. इस पर सुनवाई करने से सुप्रीम कोर्ट ने मना कर दिया था. सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि उसके पास इस केस से जुड़े कई मामले पहले से ही हैं.

गौरतलब है हिंदू पक्ष दावा करता है कि जन्मभूमि का मंदिर तोड़कर मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद बनाई गई थी. भगवान श्रीकृष्ण का जन्मस्थान शाही ईदगाह के नीचे है. ये भी दावा किया गया है कि शाही ईदगाह में हिंदू देवी-देवताओं की प्रतिमाएं दबी हुई हैं. सर्वे होगा तो सारी सच्चाई सामने आ जाएगी. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सर्वे को मंजूरी दी थी. लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने एडवोकेट कमिश्नर की नियुक्ति पर रोक लगा दी है.बता दें कि आज सुप्रीम कोर्ट में काशी के ज्ञानवापी परिसर को लेकर भी अहम सुनवाई होने वाली है. ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष ने नई याचिका लगाई है, जिसमें वुजूखाने की सफाई की मांग की गई है. दरसअल टैंक में मछलियों की मौत से गंदगी फैल गई है. वुजूखाने में शिवलिंग जैसी रचना मिलने के बाद से सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर वह जगह सील है.

वहीं, ज्ञानवापी मामले में हिंदू पक्ष की याचिका में कहा गया था कि वुजूखाने की मछलियों की मौत हो गई है. इसकी वजह से वहां बदबू आना शुरू हो गई है. याचिका में ये भी कहा गया कि वुजुखाने में हिंदुओं के लिए बहुत पवित्र माना जाने वाला शिवलिंग मौजूद है. इसीलिए उसे किसी भी तरह की गंदगी, धूल और मरे हुए जानवरों से दूर होना चाहिए. उस जगह की सफाई होनी चाहिए. हालांकि, अभी वह मरी हुई मछलियों से घिरा गया है. इसकी वजह से वुजूखाने की सफाई करनी चाहिए.

# साफ किया जाएगा 'शिवलिंग' वाला वजूखाना, ज्ञानवापी मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका को दी मंजूरी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर 'वजुखाना टैंक' की सफाई की अनुमति दी, जिसे मई 2022 से सील कर दिया गया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की अगुवाई वाली पीठ ने वाराणसी के एसडीएम को टैंक की सफाई की निगरानी करने का निर्देश दिया। पीठ ने टैंक की सफाई की याचिका तब स्वीकार कर ली जब हिंदू याचिकाकर्ताओं और मस्जिद समिति दोनों ने कहा कि इसकी आवश्यकता है क्योंकि सीलिंग के कारण जमा हुआ पानी गंदा हो गया है और टैंक में रहने वाली मछलियां मर गईं।हिंदू पक्ष ने इस साल की शुरुआत में एक याचिका दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि 12 से 25 दिसंबर, 2023 के बीच मरी हुई मछलियों के कारण 'वजुखाना टैंक' स्थल पर गंदगी जमा हो गई थी। 'वजूखाना' वह जलाशय है जहां श्रद्धालु नमाज़ अदा करने से पहले स्नान करने जाते हैं। एक संरचना की खोज के बाद, जिसे हिंदू पक्ष ने 'शिवलिंग' और मुस्लिम पक्ष ने 'फव्वारा' होने का दावा किया था, 16 मई, 2022 से इसे सील कर दिया गया है। यह काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में स्थित मस्जिद के अदालत द्वारा आदेशित सर्वेक्षण के दौरान पाया गया था।आज संक्षिप्त सुनवाई के दौरान, मस्जिद समिति के वकील, वरिष्ठ वकील हुज़ेफ़ा अहमदी ने पीठ से कहा कि मुस्लिम पक्ष ने भी टैंक की सफाई की अनुमति देने के लिए वाराणसी अदालत के समक्ष एक आवेदन दायर किया था, लेकिन उन्होंने कहा, अदालत के पिछले आदेशों का पालन किया जाना चाहिए।




# अयोध्या में राममय हुई कंगना



## जगद्गुरू रामभद्राचार्य से की मुलाकात

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरा देश भावुक है। सदियों बाद रामलला अपने घर में वापस आ रहे हैं। यह बहुत सौभाग्यशाली दिन है। अयोध्या में मौजूद अभिनेत्री कंगना रनौत ने कहा कि इस दिन को बयान करने के लिए हमारे पास शब्द नहीं हैं। उन्होंने कहा कि 22 तारीख को सभी लोग राममय हो जाइए। यह सनातन धर्म के लिए एक यादगार दिन है। अयोध्या हमारी सनातन संस्कृति का एक अभिन्न अंग है और अब इसका पुराना गौरव वापस लौट रहा है। पूरा देश राममय हो गया है। कंगना प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अयोध्या में हैं। इस दौरान वह धार्मिक अनुष्ठानों में भी भाग ले रही हैं। उन्होंने जगद्गुरू रामभद्राचार्य से भी मुलाकात की। जगद्गुरू रामभद्राचार्य ने कहा कि बड़े ही सौभाग्य से यह अवसर आया है जब भगवान श्रीराम वापस अपने अयोध्याधाम लौट रहे हैं। कंगना रनौत ने कहा कि सदियों बाद यह सौभाग्यशाली क्षण वापस आया है। पूरा देश राममय हो चुका है।

# सानिया मिर्जा

## का खेल से लेकर शादी तक रहा विवाद, मिनी स्कर्ट पर हुआ था बवाल



भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने पिछले साल ही अपने शानदार करियर को अलविदा कहने का फैसला लिया. 36 साल की उम्र में सानिया मिर्जा फरवरी 2023 में दुबई के टेनिस टूर्नामेंट में आखिरी बार खेलने उतरी. टेनिस स्टार का पेशेवर करियर हो या फिर निजी जीवन विवाद कई विवाद जुड़े. साल 2010 में पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक से निकाह भी सुर्खियों में रहा था.भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा एक बार फिर से चर्चा में हैं. पिछले कुछ महीनों से उनके तलाक की खबरें लगातार सामने आ रही थी. पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक ने इन सभी खबरों पर विराम लगा दिया है. शनिवार 20 जनवरी को उन्होंने अपनी दूसरी शादी की तस्वीरें साझा की।

सानिया मिर्जा और शोएब मलिक की शादी को लेकर काफी विवाद हुआ था. 2010 में जब भारतीय टेनिस स्टार ने पाकिस्तानी क्रिकेटर से शादी का फैसला लिया तो इसे लेकर विवाद खड़ा हो गया था. शोएब मलिक से शादी करने का दावा करते हुए आइशा सिद्धिकी सामने आई थी. हालांकि पाक क्रिकेटर ने इससे इनकार किया थासानिया मिर्जा ने शोएब से जब शादी का फैसला लिया तो उन्होंने अपनी सगाई तोड़ी थी. उन्होंने अपने बचपन के दोस्त सोहराब मिर्जा के साथ साल 2009 में हैदराबाद में सगाई की थी. 6 महीने के बाद सानिया ने इस रिश्ते से अलग होने का फैसला लेते हुए सगाई तोड़ दी थी. टेनिस जगत में नाम बनाने वाली सानिया मिर्जा से जुड़ा एक विवाद कपड़ों को लेकर भी हुआ था. 2005 छोटी स्कर्ट पहनकर खेलने की वजह से उनके खिलाफ फतवा (इस्लामी कानून में एक आधिकारिक फैसला) सानिया द्वारा खेल के दौरान पहने जाने वाले कपड़े को लेकर एक मुस्लिम धर्मगुरु ने फतवा जारी किया।

सानिया मिर्जा साल 2007 में एक बार फिर से चर्चा में आई थी जब उनके खिलाफ धार्मिक भावनाओं को आहत करने की शिकायत दर्ज कराई गई थी. अल्पसंज़्यक कल्याण विभाग उनने मस्जिद में शूटिंग करने पर शिकायत दर्ज कराई थी.

साल 2008 में सानिया मिर्जा के खिलाफ गंभीर आरोप लगे थे. उनके उपर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया गया था. सानिया पर आरोप था कि उन्होंने उस टेबल पर पैर रखा था जहां भारत का राष्ट्रीय ध्वज था. एक सामाजिक कार्यकर्ता ने इस लेकर राष्ट्रीय सज़्मान अपमान निवारण अधिनियम के तहल मामला दर्ज कराया था लेकिन जो तस्वीर सामने आई थी वह सानिया की नही थी बल्कि फर्जी निकली



# सिनेमा को सदा ही भाया प्रेरक श्रीराम का कथानक



## छोटे पर्दे पर बेहद लोकप्रिय राम-रामायण

80 के दशक में फिल्मकार रामानंद सागर रामायण के कथानक को लेकर टीवी पर आए। उनके 87 एपिसोड वाले 'रामायण' धारावाहिक का 25 जनवरी 1987 को टीवी पर प्रसारण शुरू हुआ और इसने लोकप्रियता के सारे रिकार्ड तोड़ दिए। इसमें भगवान राम व माता सीता की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल व दीपिका चिखलिया खासे लोकप्रिय हो गए। नज़्बे के दशक से लेकर अब तक दर्जनों फिल्में, धारावाहिक और एनिमेशन सीरीज रामायण और श्रीराम के जीवन प्रसंग से जुड़े कथानकों को लेकर बनीं, और पसंद की गईं। हाल ही में प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक ओम राउत द्वारा 5 भाषाओं हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में करोड़ों की लागत से बनी फिल्म 'आदिपुरुष' को भी बॉक्स आफिस पर बड़ी सफलता मिली। हालांकि यह फिल्म विवादों में घिरी। इस वर्ष और आगामी वर्षों में कई फिल्मकार बड़ी संज़्या में बड़े और छोटे परदे पर श्रीराम व रामायण के कथानक से जुड़ीं महंगे बजट की फिल्में व धारावाहिक लेकर आने की तैयारी में हैं। ओटीटी प्लेटफार्म पर भी अब निर्माता श्रीराम के चरित्र को लेकर वेब सीरीज बनाने में जुट गए हैं।



मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ! धर्म परायणों के आदर्श आराध्य, हमारी परंपराओं की श्रेष्ठतम कल्पना, भारतीय साहित्य के आदिनायक जिनका जीवन चित्रित कर आदि कवि वाल्मीकि अमरत्व को प्राप्त कर गए। जिनकी भक्ति के सागर में डूबकर गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीरामचरित मानस जैसे महाकाव्य की रचना की, ऐसे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के व्यक्तित्व के आकर्षण से भला भारतीय सिनेमा कैसे अछूता रह सकता था? भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र का यह अनूठा आकर्षण ही रहा कि उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा ग्रहण कर अब तक बड़ी संख्या में फिल्मों का निर्माण हो चुका है और अब भी हो रहा है।

**इतिहास में देखें तो...**यदि हम धार्मिक फिल्मों के इतिहास का अवलोकन करें तो पाएंगे कि अब तक बनी सभी प्रकार की धार्मिक फिल्मों में सबसे अधिक फिल्में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के व्यक्तित्व पर केंद्रित रही हैं। ऐसी सर्वप्रथम फिल्म बनाई थी भारतीय फिल्मों के जनक दादा साहब फालके ने। साल 1917 में निर्मित यह फिल्म थी 'लंका दहन'। इस फिल्म में राम व सीता, दोनों की भूमिका एक ही पुरुष कलाकार ने निभाई थी जिसका नाम था अन्ना सालुंके। 'लंका दहन' को अपार सफलता मिली थी।

**धारावाहिक फिल्में**–मूक फिल्मों के इस दौर में एक कथानक का कई भागों में फिल्मांकन करने का दौर शुरू हुआ। ऐसी ही एक फिल्म 'राम वनवास' पाटनकर फ्रेंड्स एंड कंपनी ने सन 1918 में बनाई थी। छह घंटे की यह फिल्म सिनेमाघरों में चार किस्तों में दिखाई गई। साल 1919 में देश में कुल 8 कथाचित्रों का निर्माण हुआ जिनमें तीन चित्र 'श्रीराम जन्म', 'राम और माया' तथा 'सीता स्वयंवर' श्रीराम के जीवन प्रसंग पर बने थे। 'श्रीराम जन्म' के बाद दादा साहेब फालके ने ऐसी दो और फिल्में'राम रावण युद्ध' और 'राम राज्य वियोग' क्रमशः 1924 और 1928 में बनाई थीं। फिर 'लवकुश'(1921), 'रामायण'(1922), 'दशरथी राम' और 'सीता स्वयंवर' (1929) तथा 'सीता हरण' व 'लंका दहन' (1930) फिल्में भी सफेद पर्दे पर दिखाई दीं।



# कानपुर: बीपीएस न्यूज परिवार ने कराया खिचड़ी भोज







**मनोज वर्मा**

कानपुर। किदवई नगर चौराहा स्थित जंगली देवी माता मंदिर के पास मकर संक्रांति के पावन पर्व पर बीपीएस न्यूज परिवार के सदस्यों ने कराया खिचड़ी भोज। बीपीएस न्यूज के संपादक बी.पी. साहू ने कानपुर नगर वासियों सहित सभी देशवासियों को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

खिचड़ी भोज में हजारों लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया।




खिचड़ी भोज में संजय हीरो होंडा वर्कशॉप व सम्राट छोले भटूरे का योगदान रहा। व्यापारी नेता ज्ञानेश मिश्रा व भाजपा नेता मोनू पांडे ने बीपीएस न्यूज परिवार के सभी साथियों को मकर संक्रांति की बधाई दी ।खिचड़ी भोज में मुख्य रूप से ङ्क बीपीएस न्यूज संपादक बी.पी. साहू, सह संपादक अरुण कुमार अस्थाना, मंडल प्रबंध संपादक इरशाद अख्तर, संवाददाता तनवीर, संवाददाता संजय वर्मा, छायाकार मनोज वर्मा, छायाकार मंगल, राजेश मौर्या, भाजपा नेता मोनू पांडे, व्यापार मंडल पदाधिकारी ज्ञानेश मिश्रा, रजनीश गर्ग एडवोकेट, संजू वर्मा, रामजी वर्मा, टीटू हैंडलूम, अंकुर दीक्षित, अवधेश गुप्ता, राजन सिंह, पंकज यादव, राहुल कनौजिया, दिलीप जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## सिद्धनाथ घाट में बांटे गए कम्बल पाकर खिल उठे गरीबों के चेहरे

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। उत्तर भारत मे सर्दी अपने चरम पर है पर है , फुटपाथ पर सोने वाले गरीबो को सोना दूभर हो रहा है ,जगह जगह पर आग चला कर सर्दी का बचाव करते देखे जा सकते है। ऐसे में कानपुर शहर मे 6 साल से लगातार गरीब, असहाय व जरूरतमंदो की मदद करती आ रही ओम जन सेवा संस्थान की अध्यक्षा शिव देवी अग्रहरि (सीमा) ने अपनी टीम के साथ कानपुर के सिद्धनाथ घाट में लगातार कार्य करती आ रही है। गरीब आज बच्चों को गर्म कपड़े एवं बड़ों को कंबल वितरण किया जिसको प्रकार वहां के लोग और बच्चे बहुत खुश हुए संस्था की अध्यक्षा शिव देवी अग्रहरि (सीमा) ने अपने सम्बोधन में कहा कि वह विगत कई वर्षो से सर्दी में गरीब, असहाय व जरूरतमंद को कम्बल, वस्त्र व स्वेटर आदि वितरण करती आ रही है ।यह कार्य करने से मन मे शांति व अपार खुशी मिलती है, हर सम्पन्न व्यक्ति को आगे आकर गरीबो की मदद् करनी चाहिए। जागरूक रहने की सलाह दिया बहुत जरूरी होने पर ही घर से निकले,भीड़ से बचने की कोशिश जरूर करनी चाहिए,

इस समारोह मे प्रमुख रूप से सिद्धनाथ मंदिर के महामंडलेश्वर श्री अरुण चैतन्य पुरी महाराज जी संस्था की अध्यक्षा शिव देवी अग्रहरि (सीमा) रंजीत सिंह सिंगर पुरुषोत्तम कुमार आदित्य राज अग्रहरि अनव्या अग्रहरि इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# प्रवर्तन दल ने 25 क्विंटल पकड़ी पॉलीथीन




कानपुर। 19 जनवरी की रात, सटीक खबर पर प्रवर्तन अधिकारी कर्नल आलोक नारायण के नेतृत्व में प्रवर्तन दल ने यशोदा नगर बायपास पर नाका लगा एक ट्रक 83 बोरी प्लास्टिक कैरीबैग के साथ पकड़ा ।यह माल ट्रांसपोर्ट नगर स्थित महालक्ष्मी ट्रांसपोर्ट से लखनऊ के कारोबारी को भेजा जा रहा था। प्रतिबंधित पन्नी की बोरियों को बर्तनों और अन्य लोहे के सामान के नीचे छुपाया गया था ।ट्रक को नगर निगम लाकर 25 क्विंटल माल जब्त कर राजस्व निरीक्षक विकास कुमार द्वारा 50,000 रुपए जुर्माना वसूला गया। जब्त माल को निस्तारण हेतु पनकी कूड़ा प्लांट भेज दिया गया ।जनवरी माह में ही प्रवर्तन दल द्वारा 147 क्विंटल प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त कर साढ़े पांच लाख जुर्माने के रूप में अभी तक वसूला गया है। इस अभियान में प्रवर्तन दल के सूबेदार अवधेश सिंह, लक्ष्मण सिंह, वीरेंद्र स्वरूप, रामेंद्र सिंह, हवलदार धनंजय, जितेंद्र सिंह, रामनरेश, इंद्रजीत, भूपेंद्र, राज नारायण, जितेंद्र बहादुर इत्यादि शामिल रहे।

# सपा ग्रामीण अधिवक्ता सभा की बैठक संपन्न

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। समाजवादी पार्टी कानपुर ग्रामीण यूनिट की जिलाअधिवक्ता सभा की कार्यकारी की पदाधिकारी को सम्मानित पत्र वितरण कार्यक्रम जिला अध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुआ सपा ग्रामीण कार्यालय नवीन मार्केट में हुए कार्यक्रम में अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव ने कहा कि आज देश व प्रदेश की जनता के लिए बनाए गए संविधान से जनता को गुमराह करके गुलाम बनाने के लिए हर प्रयास मौजूदा सरकार द्वारा किया जा रहा है जिससे बचने व बचाने के लिए अधिवक्ता समाज को निडर होकर सामने



आना होगा! आगे कहा कि सभी जिम्मेदार पदाधिकारी को अपनी तहसील व ब्लॉक स्तर पर सपा के साथ जुड़कर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ताकत को बढ़ाने का कार्य करें! कार्यक्रम के दौरान एडवोकेट रणवीर सिंह रामनाथ यादव चंद्रप्रकाश उपाध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा महामंत्री,डॉ प्रभा यादव प्रवक्ता नीलम यादव कोषाध्यक्ष जिला सचिव अंकित यादव भीम सिंह अंगद दुबे मनमोहन सिंह राकेश सिंह पवन कुमार सुमित कुशवाहा इत्यादि लोग मौजूद रहे!

## प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को जनपद में सार्वजनिक अवकाश घोषित

कानपुर । जिलाधिकारी विशाख जी0 ने बताया कि विशेष सचिव, सामान्य प्रशासन अनुभाग, उ0प्र0 शासन लखनऊ के द्वारा अयोध्या में दिनांक 22 जनवरी, 2024 को राम जन्म भूमि परिसर में बने मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन सुनिश्चित हुआ है, जिसके दृष्टिगत निगोशिएबुल इन्स्ट्रुमेंट एक्ट 1881 के अधीन दिनांक 22 जनवरी, 2024 को उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है ।उन्होंने बताया कि उक्त के अनुपालन में जनपद कानपुर नगर में राम जन्म भूमि परिसर में बने मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन के अवसर पर दिनांक 22 जनवरी, 2024 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

# रेलवे ट्रैक पर ट्रायल के लिए जा रहे मेमू के दो डिब्बे पटरी से उतरे

### बाबूपुरवा नया पुल के पास मालगाडी रेलवे ट्रैक पर हुई घटना



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर नगर, रेलवे ट्रैक पर ट्रायल के लिए जा रहे मेमू के दो डिब्बे पटरी से उतर गये। हादसे के समय दोनो डिब्बे खाली थी। घटना के बाद जानकारी होते ही रेलवे अधिकारी तथा कर्मचारी मौके पर पहुंच गये और राहत कार्य शुरू करवाया ।बाबूपुरवा नया पुल के मालगाडी रेलवे ट्रैक पर मेमू के दो डिब्बे उस समय पटरी से उतर गये जब उन्हे ट्रायल के लिए चलाया जा रहा है। घटना के बाद जानकारी पाते ही रेलवे के कई अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंच गये तथा ट्रैक से डिब्बो को हटाने का कार्य शुरू करवाया। इस घटना के कारण दिलली-हावडा मालगाडी रूट कुछ बाधित हुआ। डिब्बे कैसे पटरियों से उतरे अभी कारण स्पष्ट नही है। फिलहाल बैगन हटाने का काम शुरू किया गया।

# नाले में पड़ा मिला नवजात का शव

कानपुर नगर, बुधवार की सुबह नाले में एक नवजात शिशु का शव पडा होने की खबर फैलने के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी फैल गयी। स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शिशु के शव को नाले से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बिधनू क्षेत्र के मझावन स्थित एक नाले में बुधवार की सुबह क्षेत्रवासियों ने एक नवजात शिशु का शव पानी में उतराते देखा। थोडी ही देर में खबर तेजी से फैल गयी और वहां ग्रामीणों की भीड एकत्र हो गयी। इसी बीच पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पंहुची बिधनू थाने के पुलिस द्वारा नवजात के शव को नाले से निकलाया गया और उसकी शिनाख्त का प्रयास किया गया ।काफी देर तक बच्चे के बारे में कोई जानकारी न हो सकी। पुलिस द्वारा नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# आईआईटी कानपुर में फिर छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### आईआईटी में छात्रों द्वारा आत्महत्या का तीसरा मामला, विवादों के घेरे में फिर आया आईआईटी,क्या कारण है कि आईआईटी में छात्र-छात्रायें कर रहें आत्म हत्या दस दिन पहले ही आईआईटी कानपुर के पीएचडी में छात्रा ने लिया था दाखिला

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। आईआईटी कानपुर एक बार फिर एक छात्रा के आत्महत्या किए जाने की घटना के बाद विवाद के घेरे में आ गया है। एक छात्रा जिसने दस दिन पहले ही यहां पीएचडी में दाखिला लिया था, आखिर क्यों उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। इससे पहले भी आत्महत्या के इस बडे संस्थान में दो केस हो चुके है, क्या यहां छात्र-छात्राओं के साथ कुछ ऐसा होता है कि वह आत्महत्या को मजबूर हो जाते है या फिर कोई अन्य कारण, इन आत्महत्याओं के पीछे का सत्य क्या है, यह राज बीती दो आत्महत्याओं से राज ही है। कारण कुछ भी हो लेकिन मौत की इन घटनाओं ने आईआईटी कानपुर पर एक प्रश्न जरूर लगा दिया है ।कानपुर आईआईटी जो देश-विदेश में अपना विष्शिठ स्थान रखता है, यहां तीसरी बार एक छात्रा ने आत्म हत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार आत्महत्या करने वाली 29 वर्षीयछात्रा का नाम प्रियंका बताया जाता है जो झारखंड राज्य की रहने वाली थी और उसे इस संस्थान में मात्र दस दिन पहले ही पीएचडी में दाखिला लिया था।

सुबह छात्रा के दोस्त द्वारा उसकी फांसी लगाने की जानकारी दी गयी। आईआईटी प्रशासन द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी, जिसके उपरानत मौके पर कलयाणपुर पुलिए मौके पर पहुंच गयी। छात्रा के आत्म हत्या करने के कारणो के बारे में पुलिस जांच करने में जुट गयी है वहीं कुछ अन्य छात्रों से इस सम्बन्ध में पूंछ-तांछ की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ एक और प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक छात्रा के पिता द्वारा हॉस्टल मैनेजर रितु पाण्डेय को फोन कर बताया गाय कि उनकी पुत्री सुबह से फोन नही उठा रही है, जिसके बाद मैनेजर रितु पांडे द्वारा छात्रा के रूम को खुलवाने की कोशिश की गयी, जहां छात्रा का शव लटकते देखा गया। मृतक छात्रा के पिता का नाम नरेंद्र जायसवाल है।

## बीट पुलिस अधिकारी बन उत्साहित पुलिसकर्मी ने जगह-जगह लगाई होर्डिंग



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा कानपुर कमिश्नरेट में बीट प्रणाली के अंतर्गत पुलिस कर्मियों को बीट पुलिस अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। जिसमें थाना क्षेत्र को कई बीट में विभाजित किया गया है ,उक्त बीट प्रणाली के कारण आम जन को अब अपने बीट पुलिस अधिकारी के माध्यम से अपनी समस्या का समाधान कराने में आसानी होगी। इसी प्रणाली के प्रचार- प्रसार के लिए पुलिसकर्मी जगह-जगह होडिंग्स लगाते तथा लोगों से मिलते नजर आ रहे हैं । सोमवार के दिन भी थाना कर्नलगंज अंतर्गत चुन्नीगंज क्षेत्र में बीट पुलिस अधिकारी काश्र प्रदीप सिंह द्वारा क्षेत्र में घूम-घूम कर होडिंग्स लगाई गई तथा आम जन से मिलकर अपना विजिटिंग कार्ड दिया गया तथा लोगों से अपील की गई की आपातकाल में पुलिस की सहायता प्राप्त करने के लिए आप लोग हमारे नंबर से संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं। बीट प्रणाली के लागू होने से क्षेत्रवासियों में उत्साह है तथा लोग एक दूसरे से कहते सुने जा रहे हैं कि अब पुलिस हमारे हाल-चाल भी ले रही है और कुशलता भी पूछ रही है। इससे पुलिस और आम जनता के बीच की दूरी कम होगी।

# राष्ट्रीय विकलांग पार्टी अब राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के नाम से जानी जायेगी, चुनाव आयोग को भेजा जायेगा पत्र

### दिव्यांगजनों को राजनैतिक भागीदारी दिलाना मुख्य उद्देश्य: वीरेन्द्र कुमार



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। राष्ट्रीय विकलांग पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन आज शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में सम्पन्न हुआ7 अधिवेशन में देश के कोने कोने से पार्टी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमें झारखण्ड महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब, दिल्ली उत्तर प्रदेश सहित देश के कोने-कोने से पार्टी के पदाधिकारियों ने भाग लिया। पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का चुनाव हुआ जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार (कानपुर), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धनराज गायकवाड (महाराष्ट्र), दिनेश कुमार ( पंजाब), राष्ट्रीय महासचिव नागेश कुमार (झारखण्ड), राष्ट्रीय प्रवक्ता भावेश वघानी (गुजरात) राष्ट्रीय संगठन सचिव प्रमोद मिश्रा (कानपुर) चुने गये।

अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने अपने सम्बोधन मे कहा कि स्वर्गीय के0के0 दीक्षित जी ने राष्ट्रीय विकलांग पार्टी का गठन दिव्यांगजनो को राजनैतिक भागीदारी दिलाने के लिये किया था उनके कारवां को आगे बढाने का काम हम सब मिलकर करेंगे। अब हक मांगने से नहीं छीनने से मिलता है, हक छीनने के लिये हमें संगठन व अपनी शक्ति को बढ़ाना पड़ेगा। अतिथियों का स्वागत जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, प्रदेश प्रवक्ता अल्पना कुमारी, प्रदेश संगठन सचिव मनोज त्यागी, मण्डल अध्यक्ष अशोक कुमार, वैभव दीक्षित, गौरव कुमार , गुड्डी दीक्षित आदि ने किया।

# गोल्ड, डायमण्ड ज्वैलरी पहन मशहूर मॉडलों ने किया रैंप वॉक



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।आधुनिक डिजाइन एंव गोल्ड की नई ज्वैलरी को पहन मशहूर मॉडलों ने रैंप वॉक किया, जिसके बाद वहां उपस्थित लोग ज्वैलरी को निहारते नजर आये।

आज के समय में जब महिला हो या पुरूष फैशल की दौड में सभी आगे रहना चाहते है, ऐसे में कानपुर नगर के प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान मालाबार गोल्ड एण्ड डायंपड माल रोड पर मनाई जा रही अपनी चौथी वर्षगांठ पर नई डिजाइन की गोल्ड व डायमंड ज्वैलरी का प्रदर्शन किया और जिसे मशहूर मॉडलों ने धारण कर रैंप वॉक किया और सभी के आकर्षण का केंद्र बनी। अपने नए गोल्ड व डायमंड कलेक्शन को लांच करने के साथ ही प्रबन्धक नीरज सिंह ने बताया कि आज मालाबार ने कानपुर में अपने 4 वर्ष पूरे कर लिए है तथा बताया कि उनके पास डायमं डमें विरोज और माइन कलेक्शन जैसे प्रोडक्ट काफी अच्छे बजट में मिल जाते है। गोल्ड का रेट मार्केट रेट से 3000 रू0 कम दाम पर यहां उपलब्ध है। इलान, वर्षा, जोल, हारमनी जैसे बहुत अच्छे कलेक्शन यहां उचित बजट में मिल जाते है। उन्होने सभी शहर वासियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया। इस दौरान अपने सभी ग्राहकों को उपहार भी वितरित किए।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।